

झारखंड विधानसभा को अब कुछ ही दिन रह गए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रचार किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 312 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## हाई कोर्ट में जजों के कुल 352 पद पड़े रिक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ऐसा क्यों है कि दक्षिणी राज्यों के हाई कोर्ट में जजों के खाली पद को उनकी स्वीकृत क्षमता के 4% तक कम करने में कामयाबी हासिल की है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में हाई कोर्ट में यह 49% तक है? दक्षिणी राज्यों की संवैधानिक अदालतों ने अन्य राज्यों के समकक्षों के मुकाबले जजों की बड़ी संख्या में स्थायी खाली पदों के ट्रेंड को पलट दिया है। उदाहरण के लिए, केरल हाई कोर्ट ने 1 नवंबर तक जजों के खाली पदों को 4% तक कम करने में कामयाबी हासिल की है, जो सभी बड़े हाई कोर्ट में सबसे कम है। मद्रास हाई कोर्ट जैसे क्षेत्र के अन्य हाई कोर्ट ने इसे 11% और कर्नाटक हाई कोर्ट ने 19% तक कम किया है। इसके उलट, देश के सबसे बड़े हाई कोर्ट में शामिल इलाहाबाद हाई कोर्ट में जजों के 49% पद खाली हैं। यह सभी 25 हाई कोर्ट में सबसे अधिक है। अन्य जगहों पर भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। जहां उड़ीसा हाईकोर्ट में 42% पद खाली हैं, वहीं उसके बाद कलकत्ता में 40%, पंजाब और हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में 38%-38% और बॉम्बे में 27% पद खाली हैं।

# झारखंड में होगा परिवर्तन: मोदी

● कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**कांग्रेस को घेरा**

**▶▶ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने स्वयं ही स्वीकार किया कि उनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं: मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस, झामुमो और राजद पर तीखा हमला किया और उन पर बड़ी-बड़ी बातें करने और अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। झारखंड में भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को नमो एप के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस टिप्पणी के लिए भी आलोचना की कि उनकी पार्टी ने लोगों को "झूठी गारंटी" दी है। उन्होंने कहा, झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। समृद्धि के बावजूद यहां विकास का आभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा की बेतहाशा लूट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्वयं ही स्वीकार किया कि उनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं। खरगे ने कहा,' जितना कर सकते हैं, उतनी ही गारंटी दो। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड इस बार चुनावों में बदलाव करने को संकल्पित हो गया है, इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं लेकिन आज झारखंड की जनता देख रही है कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं। मोदी ने कहा कि राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद केंद्र सरकार अपने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हम जिस गति से झारखंड में विकास करना चाहते हैं, उसके लिए वहां डबल इंजन सरकार की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां, भ्रष्टाचारी तो होती ही हैं साथ ही समाज के प्रतिभाशाली नौजवानों के रास्ते में सबसे बड़ी दीवार होती हैं।

### मोदी और योगी देश तोड़ने पर उतारू: खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलामू:** झारखंड में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। पलामू में एक जनसभा में शामिल होने के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी कह रहे हैं एक हैं तो सुरक्षित हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं बाटेंगे तो काटेंगे। उन्हें तय करने दीजिए कि कौन सा नारा चलेगा।

### योगी के बयान पर निशाना साध रहे खड़गे

**संविधान** बचाओ सम्मेलन में रविवार को मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि अगर नेता हैं तो सफेद कपड़े पहनें। अगर आप संन्यासी हैं और 'गेरुआ' कपड़े पहनते हैं तो राजनीति से बाहर निकलें। एक तरफ गेरुआ कपड़े पहनते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं बटोगे तो कटोगे। वह लोगों के बीच नफरत फैला रहे हैं और बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि योगी का क्या मतलब है? आप किसको काटेंगे?

## घुसपैठियों के लिए झारखंड धर्मशाला: सीएम योगी

### पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची: झारखंड** विधानसभा को अब कुछ ही दिन रह गए। भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर राज्य को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए 'धर्मशाला' में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में माफिया, पत्थरबाजों, अराजकता फैलाने वालों का इलाज करने के लिए डबल इंजन सरकार की जरुरत है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से एकजुट होने की अपील की। यूपी के सीएम ने आरोप लगाया कि झारखंड की सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों की लूट को बढ़ावा दिया है। आदित्यनाथ ने कहा, "झारखंड को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला में बदल दिया गया है। उन्हें अराजकता फैलाने की खुली छूट दी गई है।" उन्होंने आगे कहा, "बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे।

**निशाना साधा**

**▶▶ अराजकता फैलाने की खुली छूट दी गई है।" उन्होंने आगे कहा, "बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे**

## कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से न लेने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि 'ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है।' जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा। दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था।



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाते हुए।

## भारत के लिए रूस ने तैयार किया है गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समुद्र में भारत की ताकत बढ़ने जा रही है। भारतीय नौसेना को जल्द ही आईएनएस तुशील के रूप में अपना नया साथी मिलने जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण लंबी देरी के बाद भारत को इस महीने के अंत तक रूस में निर्मित दो गाइडेड मिसाइल युद्धपोतों में से पहला प्राप्त होने वाला है। इन दो गाइडेड मिसाइल के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी। इससे निश्चित रूप से चीन और पाकिस्तान की टेंशन बढ़ जाएगी।

## वायनाड के लोगों ने भरपूर प्यार दिया: राहुल

**चुनाव प्रचार**

**▶▶ आपसे मिले प्यार के प्रति आभार जताने के लिए मैंने 'आई लव वायनाड' टीशर्ट पहनी है: राहुल गांधी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**वायनाड : कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केरल के वायनाड में अपनी बहन प्रियंका के लिए चुनावी रैली की। इस दौरान वे अपनी ट्रेडमार्क सफेद टीशर्ट में नजर आए, जिसके पीछे ' आई लव यू वायनाड' लिखा था। प्रियंका के साथ रैली करते हुए उन्होंने वायनाड के लोगों को ये टीशर्ट दिखाई। राहुल ने कहा कि वायनाड के लोगों ने उन्हें इतना स्नेह दिया कि उनकी पूरी राजनीति का दृष्टिकोण बदल गया। यहां आने के बाद उन्होंने राजनीति में 'प्यार' शब्द का इस्तेमाल शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि आपसे मिले प्यार के प्रति आभार जताने के लिए मैंने 'आई लव वायनाड' टीशर्ट पहनी है। राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद वायनाड सीट से कांग्रेस ने प्रियंका को कैंडिडेट बनाया है। यह प्रियंका गांधी का पहला लोकसभा चुनाव होगा। उनका मुकाबला भाजपा की नाव्या हरिदास से होगा। वायनाड में 13 नवंबर को चुनाव है। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा।

भारत जोड़ो यात्रा से मेरी राजनीतिक सोच बदली राहुल ने कहा कि जब मैंने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, तो यह एक राजनीतिक यात्रा थी, लेकिन यात्रा के दौरान मैंने महसूस किया कि मैं लोगों को गले लगा रहा हूं, वे मुझसे कह रहे हैं कि वे मुझे प्यार करते हैं, और मैं भी उनसे प्यार का इजहार कर रहा हू। कई सालों तक मैंने राजनीति में 'प्यार' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था।

### प्रियंका का वायनाड के लोगों को ओपन लेटर

**23 अक्टूबर** को नॉमिनेशन फाइल करने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लोगों को ओपन लेटर लिखकर कहा था कि मैं राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी। उन्होंने पर शेयर किए गए लेटर में लिखा- जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी, लेकिन फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं होगी। रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है।

## कुछ लोग समाज को बांटने की रच रहे साजिश: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने वालों के प्रति आगाह करते हुए सोमवार को कहा कि कुछ लोग निहित स्वार्थ के कारण इस तरह की साजिश रच रहे हैं। विकसित राष्ट्र के लिए एकता को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें मिलकर देशविरोधियों की बांटने की कोशिशों को नाकाम करना होगा।
प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।
धर्म, भाषा, ऊंच-नीच, स्त्री-पुरुष, गांव-शहर आदि के आधार पर टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश चल रही है। जरूरी है कि हम देशविरोधियों की इस चेष्टा को, उसकी गंभीरता को समझें, उस संकट को समझें और मिलकर इसे नाकाम करें।

## झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हेमंत: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची:** झारखंड में चुनाव अभियान तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला में जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। साथ ही घुसपैठियों की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को होने वाले जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड में आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिये हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं। अगर घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी करते हैं तो हम उन्हें जमीन के हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून लाएंगे। हम घुसपैठियों की पहचान करने, उन्हें बाहर निकालने और उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए एक समिति भी बनाएंगे। अमित शाह ने कहा कि जब चंपई सोरेन ने घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो उनका अपमान किया गया और हेमंत सोरेन ने उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस और राजद नेताओं पर खुद के विकास के लिए काम करने और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया।

**हमला बोला**

**▶▶ अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे**

## भारत के लिए खतरा बन रहा हिज्ब उत तहरीर !

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आतंकी** संगठन हिज्ब उत तहरीर को लेकर भारत में सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। सरकार से जुड़े अधिकारियों के अनुसार एनआईए ने पिछले सप्ताह दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में भारत में 'हिज्ब-उत-तहरीर के विकास' पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तेलंगाना, तमिलनाडु, गुवाहाटी पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और बीएसएफ के आतंकवाद निरोधक एक्सपर्ट भी इस चर्चा में शामिल थे। चार राज्यों में उभरे स्लीपर सेल लेबनान स्थित कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर की मौजूदगी पश्चिमी देशों में है, जिसमें ब्रिटेन भी शामिल है। पिछले साल अक्टूबर में फिलिस्तीन समर्थक सड़क विरोध प्रदर्शन के बाद इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसमें इजरायल में हमास की कार्रवाई की प्रशंसा की गई थी।

**परिवर्तन** सुधारों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

## 3000 अध्यापकों की बैचवाइज भर्ती की, तीन हजार की प्रक्रिया जारी: सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**
**नाहन: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के तहत भूरेश्वर महादेव मंदिर में शीश नवाया तथा मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर परिसर में भगवान शिव की नई प्रतिमा का अनावरण किया और और वन वाटिका भूरेश्वर तथा क्वागधार हैलीपैड का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और अनेक सुधारों के परिणामस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को राज्य सरकार वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर तथा वर्ष 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं और मक्की को क्रमशः 40 और 30 रुपये प्रति किलो के दाम पर खरीदा जा रहा है। गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 32 से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का 47 से 55 रुपये प्रति लीटर किया गया है। मनरेगा की दिहाड़ी को बढकार 300 रुपये किया गया है।
ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ल्वासा चौकी से चण्ड़ीगढ़ सडक को चौड़ा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूरेश्वर महादेव क्षेत्र को इको टूरिज्म की दृष्टिगत से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिकी मजबूत होगी तथा क्षेत्र के लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव ला रही है, जिसके सकारात्मक परिवर्तन सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 6000 अध्यापकों के पद स्वीकृत किए हैं।



**आत्मनिर्भर**

**▶▶ पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के तहत भूरेश्वर महादेव मंदिर में शीश नवाया तथा मेले का शुभारंभ किया**

## कांग्रेस की झूठ की गारंटी पर कोई नहीं करता भरोसा: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। इसी गारंटी के बल पर देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में विधानसभा की बिजनेस सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिस तरह से हरियाणा की जनता ने रिवाज बदलकर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई है, उसी तरह से महाराष्ट्र व झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सैनी ने कहा कि वह दो दिन महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार करेंगे। इसके बाद फिर से जहां हाईकमान के निर्देश होंगे, वहां प्रचार करेंगे। सैनी ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने भाजपा पर भरोसा करके तीसरी बार सरकार बनाई है। चुनाव के दौरान कांग्रेस ने कई तरह के झूठ फैलाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि आज देश के लोग यह मान चुके हैं कि कांग्रेस जो भी कहेगी वह झूठ की गारंटी होगी। इसके अधिक कुछ नहीं होगा।



# दिल्ली यूनिवर्सिटी 26 नवंबर तक कराए डूसू चुनाव की मतगणना

## - सार्वजनिक संपत्तियों की एक हफ्ते के अंदर सफाई और पेंटिंग कराने का भी निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के लिए हुए चुनाव की मतगणना की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया कि वो 26 नवंबर तक मतगणना की प्रक्रिया पूरी करे। हाई कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों की एक हफ्ते के अंदर सफाई और पेंटिंग हो। हाई कोर्ट ने कहा कि छात्र संघ का चुनाव लड़ रहे वर्तमान उम्मीदवारों और भविष्य के उम्मीदवारों की ये जिम्मेदारी है कि वो यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर को साफ और बेहतर बनाकर रखें। हाई कोर्ट ने 28 अक्टूबर को भी मतगणना की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सफाई के संबंध में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने सभी उम्मीदवारों को निर्देश दिया था कि वे इस बात का हलफनामा दाखिल करें कि उन्होंने सार्वजनिक संपत्तियों को साफ कर दी है। हाई कोर्ट ने 26 सितंबर को मतगणना पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और सभी कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिया था कि वे मतदान के बाद ईवीएम और बैलेट बॉक्स को अगले आदेश तक सुरक्षित और संरक्षित रखें। हाई कोर्ट ने कहा था कि जितनी भी सार्वजनिक संपत्तियों को गंदा किया गया है, उसकी सफाई में आने वाली लागत की भरपाई दिल्ली यूनिवर्सिटी को करनी होगी। हाई कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली यूनिवर्सिटी बाद में इस पैसे की भरपाई चुनाव लड़ने वाले उन उम्मीदवारों से कर सकती है, जिन्होंने उक्त अपराध किया है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा था कि क्या कोई रिकॉर्ड है कि चुनाव में कितना पैसा इस्तेमाल किया जा रहा है। हाई कोर्ट ने कहा था कि पोस्टर दीवारों और सड़कों पर लगाए जा रहे हैं। इस तरह से पैसा को बर्बाद नहीं होने देना चाहिए। आपको इसके लिए सख्त एक्शन लेना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा था कि जिन उम्मीदवारों के नाम के पोस्टर लगे हुए है, उन पोस्टरों को हटाने का पैसे उनसे ही वसूला जाए। यह चुनाव कोई अकेले नहीं लड़ रहा है।




**परमिशन**

जिन उम्मीदवारों के नाम के पोस्टर लगे है, उन पोस्टरों को हटाने का पैसे उनसे ही वसूला जाए

# गुलफिशां फातिमा की जमानत याचिका पर सुनवाई करने का हाई कोर्ट को निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश से जुड़ी आरोपित गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट को गुलफिशा की जमानत याचिका पर अगली तिथि को सुनवाई करने का निर्देश दिया।साथ ही यह भी कहा कि असाधारण परिस्थिति में ही सुनवाई नहीं टाले जाने की स्थिति आनी चाहिए। इससे पहले 16 मार्च, 2022 को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.मो. जाफर पुत्रः मो. शम्मी, पताः** टी–218, गली नं. 2, इंजीनियरिंग कॉलेज, जीरो पुस्ता, गौतमपुरी, शास्त्री पार्क, दिल्ली **2.मो. वासी उर्फ नदीम पुत्रः मो. शम्मी, पताः** मकान नं. 470, गली नं. 6, संजय गाँधी मेमोरियल नगर, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा ने **FIR No. 457/2020, U/s 454/380/411/34 IPC** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जाफर और मो. वासी उर्फ नदीम** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जाफर और मो. वासी उर्फ नदीम** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 457/2020, U/s 454/380/411/34 IPC** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. जाफर और मो. वासी उर्फ नदीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12731/NW/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनिष उर्फ बोना पुत्र विनोद कुमार** निवासी म.नं. **बी–46/82, बाल्मीकी कैम्प, लॉरेंस रोड, दिल्ली** ने case **FIR No. 857/2023 U/s 25/54/59 A. Act, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मनिष उर्फ बोना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनिष उर्फ बोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 857/2023 U/s 25/54/59 A. Act, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनिष उर्फ बोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12435/NW/2024(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03240999 | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड (पी वी सी)फ्लोरिंग फॉर नॉन ए सी कोचेस | 68601 मीटर | 04.12.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। टेंडर नोटिस सं: 71/2024-2025 दिनांक: 11.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3499/24


# श्याम जाजू ने नए विद्वानों का स्वागत किया

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** समिट इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय परिषद में अलग-अलग क्षेत्र के तीन विद्वानों को शामिल करते हुए संगठन की नेतृत्व टीम को और सुदृढ़ किया है। यह कदम समिट इंडिया की शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रभाव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। संगठन के चेयरमैन श्याम जाजू ने नई टीम का स्वागत करते हुए कहा, "हम भारतीय शिक्षा और कौशल विकास को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं। इन नियुक्तियों से हमें अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता मिलेगी।" समिट इंडिया ने डॉ. अश्विनी शर्मा, अविरल मिश्रा और केप्ल जुनेजा को संगठन में शामिल करते हुए उनके बारे में संक्षिप्त जानकारी दी है। समिट इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. अश्विनी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और कौशल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. शर्मा अनुभवी शिक्षाविद् हैं। वो भारत के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के महानिदेशक और सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। अविरल मिश्रा को मीडिया सलाहकार की जिम्मेदारी गई है। वो पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। केप्ल जुनेजा को हिमाचल प्रदेश का संयोजक नियुक्त किया गया है। समिट इंडिया ने 2025 में कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। इस दौरान देश की शिक्षा नीति को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। इस क्रम में नई दिल्ली में शिक्षा समिट का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग दो दर्जन देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा 'अथर्व भारत' कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

**समिट इंडिया**

यह कदम समिट इंडिया की शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रभाव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा


**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएं, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम) 10/04 दिनांक 13.06.22 के अनुसार, दिल्ली मंडल के हज़रत निज़ामुद्दीन (NZM) रेलवे स्टेशन पर, 03 पार्सल स्कैनर मशीनों (साईट मैप के अनुसार निर्धारित स्थानों पर) के आवंटन हेतु आई. आर. ई. पी.एस पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से 05 वर्षो के अनुबंध के लिए बोलियाँ आमन्त्रित करता है।

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 25.11.2024 को प्रात 11:00 बजे | हज़रत निज़ामुद्दीन, (NZM) रेलवे स्टेशन पर, 03 पार्सल स्कैनर मशीनों (साईट मैप के अनुसार निर्धारित स्थानों पर)। |

**नोटः** इस अनुबंध के अंतर्गत, इन 03 स्कैनिंग मशीनों के माध्यम से केवल प्लेटफार्म पर लोड किये जाने वाले पार्सल नगों (लीज एवं रेलवे द्वारा बुक किये गए पार्सल) की स्कैनिंग की जाएगी।

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2 **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधो के बीच मे ही समाप्त करने/जारी रखने के संबंध मे, कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3501/24



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2024-205 | **अनुमानित लागत (रू):** ₹ 24158629.60

**कार्य का नामः** मिसलेनियस पी. वे वर्क फ्रॉम किमी. 1204.00 टू किमी. 1341.00 ऑफ़ परौंना - कानपुर सेक्शन अंडर एडीईएन/कानपुर फॉर 02 इयर्स।

**अमानत राशिः** ₹ 270800.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि: 02.12.2024 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 माह

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2024-206 | **अनुमानित लागत (रू):** ₹ 17466863.80

**कार्य का नामः** मेंटेनेंस ऑफ़ ट्रैक (न्यू थर्ड लाइन ) बिटवीन झाँसी-बबीना एंड बिजरौठा-जाखलौन सेक्शन अंडर एडीईएन/ललितपुर सब-डिवीज़न फॉर 24 माह।

**अमानत राशिः** ₹ 237300.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि: 02.12.2024 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 माह

- निविदा **दिनांक 02.12.2024 को 15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1948/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## हार्वर्ड विश्वविद्यालय के लीडरशिप पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएगी बिहार के शरद सागर की कहानी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी शरद विवेक सागर को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा नेतृत्व पर प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम "नेतृत्व, उद्यमिता और शिक्षण" में चित्रित किया गया है। सागर विश्व के 12 सामाजिक उद्यमियों में से एक हैं, जिनकी जीवनयात्रा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में हार्वर्ड के प्रोफेसरों द्वारा शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम (जिसे हार्वर्ड कोर्स ३I608 के नाम से भी जाना जाता है) प्रोफेसर मोनिका सी. हिगिंस और डॉ. उये अमेयी द्वारा संयुक्त रूप से पढ़ाया जाता है। प्रोफेसर हिगिंस हार्वर्ड के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक नेतृत्व की कैथलीन मैककार्टनी प्रोफेसर हैं, जहां उनका शोध और शिक्षण नेतृत्व, उद्यमशीलता और संगठनात्मक परिवर्तन पर केंद्रित है। डॉ. अमेयी हार्वर्ड में लीडिंग वेंज फाउंडेशन पाठ्यक्रम के अध्यक्ष हैं। कोर्स मॉड्यूल के अंतर्गत प्रोफेसर मोनिका हिगिंस और उये अमेयी ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के "३I608 आफ्टर आवर्स पॉडकास्ट" में शरद सागर का साक्षात्कार किया, जिसमें सागर के जीवन, कार्य और यात्रा के बारे में समझा और उसे रिकॉर्ड किया।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एकल पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | रोहतक–महम–हांसी नई लाइन पर 11 प्रमुख पुलो [Br no. 38 (1x45.70 m), Br. No 50 (1x45.70 m), Br. No. 100 (1x45.70 m), Br. No. 101 (1x45.70 m), Br No. 105 (1x30.50 m), Br. No. 212 (1x61.00 m), Br. No. 239 (1x30.50 m), Br. No. 246 (1x18.30 m), Br. No. 273 (1x76.20 m), Br. no. 305 (1x61.00 m) & Br. No. 358 (1x18.30m)] पर एक मीटर चौड़े साइड पाथवे का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1.48 करोड़ |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 223900/– |
| 4 | कार्य निष्पादन की अवधि | 06 (छह) माह |
| 5 | ई–निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान | निविदा दिनांक 03.12.2024 तक आईआरईपीएस वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 03.12.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 19.11.2024 से 03.12.2024 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

सं. 489–एसीएस–सी–पाथवे–रोहतक–हाँसी–टीकेजे दिनांक 11.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3496/24



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुनील कुमार,** पुत्र पप्पन सिंह, निवासी- मंदिर वाली गली नियर पुराना शिव मंदिर लाखन का मकान, सबोली, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 28/2006 धारा 323/506/34 भा.द.स, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार, एफ आई आर नंबर 28/2006 धारा 323/506/34 भा.द.स, थाना नंद नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नंबर 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14965/NE/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नईम पुत्र मुन्ना खान निवासी मास्टर कॉलोनी गरिमा गार्डन लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर नं. **29613/2017, अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नईम** मिल नहीं रहे है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नईम** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **29613/2017, अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नईम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे उससे पहले हाजिर हो।**

आदेशानुसार
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
महानगर न्यायाधीश-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14804/NE/2024
(Court Matter)


# आयोग ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को जारी किया नोटिस

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी दो शिकायतों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने एक तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर नोटिस जारी किया है वहीं दूसरी तरफ तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन की शिकायत का निपटान करते हुए तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने राष्ट्रीय प्रतीक और पश्चिम बंगाल पुलिस पर कथित टिप्पणी के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर आज शाम 8 बजे तक जवाब मांगा है।

तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ शिकायत की थी। उधर, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन को पत्र लिखकर आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल उपचुनावों पर तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। किसी भी देरी या निष्क्रियता के तृणमूल कांग्रेस के आरोप को आयोग ने खारिज किया है।

**कार्रवाई**

तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिमारपुर की मैन अड्डे पर स्थित 7 दुकानों की बोली दिनांक 14.11.2024 को दोपहर 10:00 बजे ग्राम सचिवालय में की जाएगी। बोली की सिक्योरिटी की राशि व सभी शर्ते व नियम मौके पर बता दिए जाऐंगे।

सरपंच
ग्राम पंचायत मिमारपुर
ब्लॉक -मुरथल, जिला- सोनीपत

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मैं जो कि महावीर पुत्र राय सिंह गांव लहराड़ा तहसील व जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र तनुज सरोहा के पासपोर्ट में मेरा नाम महावीर लिखा हुआ है । अब मैं अपने पुत्र तनुज सरोहा के पासपोर्ट में अपना नाम बदल कर महावीर से महावीर सिंह करवाना चाहता हूं। महावीर व महावीर सिंह एक ही व्यक्ति के नाम है। भविष्य में मुझे महावीर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।





# जहरीली हवा से दिन-पर-दिन बिगड़ते जा रहे हालात

## सोमवार सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में धुंध की एक हल्की चादर नजर आई





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सर्द होते मौसम के साथ बढ़ रहे प्रदूषण से लोगों की समस्या बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय सड़क पर निकल रहे लोग लंबे समय तक खांसी, आंखों व गले में जलन, सांस लेने में दिक्कत के साथ परेशान है। सोमवार सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में धुंध की एक हल्की चादर नजर आई।

अक्षरधाम के आसपास के क्षेत्र में धुंध की एक परत नजर आई। जहां एक्यूआई 378 दर्ज किया गया है, सीपीसीबी के अनुसार, प्रदूषण का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में है। आनंद विहार- 382, बवाना- 401, अशोक विहार- 380 एक्यूआई दर्ज हुआ है। यह आकंड़े सुबह आठ बजे तक के हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैरते दिख रहे हैं। जिसकी वजह से नदी में प्रदूषण का स्तर उच्च बना हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम सर्द होने के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। निचले स्तर पर प्रदूषण कण होने के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसमें ऐसे लोग भी परेशान हो रहे हैं जिन्हें पहले कोई समस्या नहीं रही।

**सफदरजंग में दृश्यता 500 मीटर दर्ज**

राजधानी में स्मॉग और धुंध ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इससे दृश्यता बेहद कम दर्ज की जा रही है। जैसे-जैसे सर्दी करीब आ रही है, वैसे ही दृश्यता में गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को सफदरजंग में सुबह के समय दृश्यता 500 मीटर रही। जोकि अमूमन इस समय एक हजार मीटर से अधिक रहती है। वहीं, सुबह साढ़े पांच बजे से लेकर छह बजे के बीच पालम में 700 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। इससे सुबह के समय लोगों को दूर तक देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई। साथ ही, स्मॉग की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यही नहीं, आंखों में भी जलन महसूस की गई।

**दिल्ली समेत एनसीआर में प्रदूषण का स्तर**

सीपीसीबी के अनुसार मौसमी बदलाव के चलते वायु गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला।

### वायु प्रदूषण में पराली की हिस्सेदारी बढ़ी

**बवाना**, आनंद विहार, अशोक विहार समेत 24 इलाकों में हवा बेहद खराब और दो इलाकों में हवा खराब रही। वेंटिलेशन इंडेक्स 3200 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 7000 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 11.994 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.117 फीसदी रही। जबकि शनिवार को पराली के धुएं की हिस्सेदारी 20.556 फीसदी रही। जबकि शुक्रवार 17.814 प्रतिशत थी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। सोमवार को भी हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, मंगलवार को हवाएं विभिन्न दिशा से चलेंगी।

## तस्करी के मामले में 18 लोग गिरफ्तार, हथियार और कार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हथियार तस्करी के मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुल्ला कॉलोनी निवासी अरशद (22), मोहम्मद सुलेमान, अनुज उर्फ मोनी, अर्जुन, आसिफ, सलमान अहमद, अजय, शिवम, रोहित बैसला, गौरव, अभय यादव, अंकित, हरेंद्र, चेतन शर्मा और मदन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, आठ देसी कट्टे, एक देसी राइफल, 03 चाकू, 33 जिंदा कारतूस और एक चोरी की कार बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपित पहले से हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, जबरन वसूली, सेंधमारी, दंगा, चोरी, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम (यूपी) के 50 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

## दूषित पानी, गंदगी और जन समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गंदे पानी की सप्लाई समेत साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अब लोग सड़कों पर उतरने लगे है। इसी कड़ी में सोमवार को बिंदापुर जेजे कॉलोनी में झुग्गी-झोपड़ी एकता मंच (जेजेएम) की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष जवाहर सिंह ने सौ घंटे तक भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया। जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उनके समर्थन में उतर आये।

जवाहर सिंह ने कहा कि बिंदापुर के वाशिंदे पिछले दो तीन महीने से गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर है, जिसकी वजह से लोगों के पेट की बीमारी, चर्म रोग समेत कई तरह की बीमारी होने लगी है। साफ-सफाई नहीं हो रही है। जहां तहां सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और मच्छर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सड़के टूटी हुई है। जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। सभी से गुहार लगा चुके हैं। सरकार को भी इस समस्या से अवगत कराया है पर कुछ नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक मैं भूख हड़ताल पर बैठूंगा। बढते भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने दोपहर बाद धरना खत्म करवा दिया।



## मियाद पूरी कर चुके वाहनों को सड़कों से हटाने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी में प्रदूषण फैलाने वाले 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहनों को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को विशेष रूप से सार्वजनिक पार्किंग स्थलों में पार्किंग शुल्क बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, पार्किंग शुल्क की संरचना की व्यापक समीक्षा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने संबंधित एजेंसियों द्वारा निपटाए जा रहे लंबित शिकायतों के समाधान की धीमी गति और बढ़ते बैकलॉग के बारे में चिंता व्यक्त की है। ऐसे में संबंधित विभाग को कार्रवाई तेज करने के लिए कहा है।



आयोग ने यह निर्देश ऑनलाइन बैठक में दिया। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। यही नहीं, यातायात प्रबंधन में सुधार, सर्दियों के दौरान खुले में बायोमास को जलाने से रोकना और अन्य पहलुओं के अलावा सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भी निर्देश दिया है। बैठक में वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रमुख हॉटस्पॉट और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वय में लक्षित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक का उद्देश्य ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत की जा रही कार्रवाइयों की प्रगति और प्रभावशीलता की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया कि सभी संबंधित विभागों, प्राधिकरणों और एजेंसियों को आयोग द्वारा जारी निदेशों का सख्ती से पालन करें। इसमें कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

**कार्रवाई**

▶▶ 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहनों को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया

## केजरीवाल ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के पक्षधर थे। उनका यह सपना देश की राजधानी दिल्ली में आआपा की सरकार ने पूरा करने काम किया है। हमारी सरकार ने दिल्ली में यह साबित किया है कि सरकार न केवल सरकारी स्कूल चला सकती है, बल्कि उन्हें शानदार भी बना सकती है। इसका परिणाम यह है कि आज दिल्ली में संपन्न लोग भी प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों को निकलकर उनका सरकारी स्कूलों में एडमिशन करा रहे हैं। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में हर साल 11 नवंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जहां पहले सरकारी स्कूलों की बात तक नहीं होती थी, आज वहां से गरीब परिवारों के बच्चे आईआईटी, जेईई और नीट जैसी परीक्षाएँ पास कर रहे हैं, डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर बन रहे हैं।

## रक्षा मंत्रालय की अपील पर भड़का दिल्ली हाई कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय को एक मामले में सख्त चेतावनी दी है। हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते एक आदेश में टिप्पणी की थी, 'रक्षा मंत्रालय बार-बार हाई कोर्ट में याचिकाएं क्यों दायर कर रहा है जबकि आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल के फैसलों को हाई कोर्ट पहले ही बरकरार रख चुका है। कोर्ट ने कहा कि मंत्रालय बार-बार एक ही तरह के कानूनी सवाल उठा रहा है।' हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी सेना और मंत्रालय की ओर से दायर एक मामले में की थी। इस मामले में रक्षा सुरक्षा कोर के एक सैनिक को पेंशन दिए जाने को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट पहले ही इसी मुद्दे पर सरकार की ओर से दायर 350 से ज्यादा याचिकाएं खारिज कर चुका है। 2023 से, सेना और मंत्रालय विभिन्न उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में पेंशन और विकलांगता लाभों पर के फैसलों को चुनौती देते रहे हैं।




**सुप्रीम कोर्ट भी कर चुका है सख्त टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट भी रक्षा मंत्रालय की ओर से बहुत ज्यादा केस करने को लेकर सवाल उठा चुका है। कोर्ट ने कहा था कि सरकार बेवजह केस करके लोगों को परेशान करती है। साल 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग पेंशन के मामलों में सरकार की अपील पर नाराजगी जताई थी। इस साल की शुरूआत में कोर्ट ने पॉजिटिव सैनिक को 50 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। इस सैनिक को सेना और ने विकलांगता पेंशन नहीं दी थी। 2015 में भी प्रधानमंत्री मोदी ने तत्कालीन रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर से कहा था कि सरकार बहुत ज्यादा केस कर रही है, इसे कम करने के तरीके खोजें।

**सख्त टिप्पणी**

▶▶ चुनौती देने पर हाई कोर्ट सख्त हाई कोर्ट ने साफ कहा रक्षा मंत्रालय पर जुर्माना लगाया जा सकता है




वायु प्रदूषण को नई दिल्ली में कम करने के अभियान के तहत मोबाइल एंटी-स्मॉग गन से सड़कों पर पानी का छिड़काव करते हुए।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा में लगे नारे, 'दिल्ली की ललकार, चाहिए कांग्रेस की सरकार'













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी और भाजपा के कुशासन, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ दिल्ली की जनता को न्याय दिलाने के लिए निकाली जा रही दिल्ली न्याय यात्रा के चौथे दिन आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने हैदरपुर गांव, शालीमार बाग विधानसभा में यात्रा की शुरू करने से पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी में महंगाई और बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है जिस पर नियंत्रण करने में भाजपा और आम आदमी पार्टी पूरी तरह से विफल साबित हुई है। कांग्रेस न्याय यात्रा में दिल्ली वालों की परेशानियों को जनता के साथ मिलकर, चर्चा करके, उनके समर्थन से खत्म करने के लिए रास्ते बनाए जाएंगे।

दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान कार्यकर्ता 'दिल्ली की ललकार, चाहिए कांग्रेस की सरकार' के नारे लगा रहे है। दिल्ली के लोग बदलाव चाहते है और 2025 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को नकार कर कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अग्रसर है।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान दिल्ली कांग्रेस सेवादल की टीम प्रतिदिन पूरी सक्रियता से कांग्रेस की ऐतिहासिक परम्परा अनुसार नियमों के तहत दिल्ली न्याय यात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे है। आज की यात्रा का समापन माडल टाउन विधानसभा में गुजरांवाला टाउन में हुआ।



यात्रा के दौरान रास्तें में पड़ने वाले मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च सभी में प्रार्थना करके प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव परेशान और प्रताड़ित दिल्ली वालां की खुशहाली, समृद्धि और विकास की कामना भी कर रहे है। यात्रा के दौरान जगह-जगह देवेन्द्र यादव सहित यात्री योद्धाओं को भव्य स्वागत किया जा रहा है। चौथे दिन दिल्ली न्याय यात्रा शालीमार बाग विधानसभा के हैदरपुर गांव, से शुरू होते हुए शालीमार बाग गांव, संजय नगर, महेन्द्र पार्क चौक आदर्श नगर, मैन रोड़ जहांगीर पुरी, झील वाला पार्क, मैन रोड़ बादली, भलस्वा गांव, जे ब्लाक रोड़, मंगल बाजार चौक, बीसी ब्लाक मार्केट, के ब्लाक लोहे वाला गेट, के ब्लाक गैस एजेंसी भलस्वा चौक, के ब्लाक आईटीआई झुग्गी, सी ब्लाक सब्जी मंडी, कुशल सिनेमा जहांगीरपुरी, सी ब्लाक आदर्श नगर, कुशल सिनेमा, मंगल बाजार चौक, शाह आलम बांध रोड़, जी टी रोड़, राज बाबू रोड़, नेहरु रोड़, मैन बाजार आर्य समाज रोड़, लेबर चौक, केवल पार्क आदर्श नगर, लाल बाग मस्जिद मॉडल टाउन, विजय सिनेमा स्टेडियम रोड़, पेंटामेंट अस्पताल होते हुए गुजरांवाला टाउन पर न्याय यात्रा का समापन हुआ।

कांग्रेस योद्धाओं ने दिल्ली न्याय यात्रा की लगभग 25 किलोमीटर की दूरी आज शालीमार बाग विधानसभा, आदर्श नगर विधानसभा, बादली विधानसभा और मॉडल टाउन विधानसभा में तय की। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यात्रा में महिलाएं, युवा बढ़चकर हिस्सा ले रहे है, गांव वाले, झुग्गियों वालों की की समस्याओं पर चर्चा हो रही है। औद्योगिक क्षेत्र की एसोसिएशन भी यात्रा में बढ़चढ़ कर यात्रा का स्वागत कर रही है।

इस मौके पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, जेएस नेयोल, पश्चिम विहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुभाष दीक्षित, बालेराम, प्रदुमन सिंह, सिद्धार्थ राव, राज सिंह यादव, जीवनाथ झा, अशोक यादव, शिवांग सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



**देवेन्द्र यादव, अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी:** राजधानी में महंगाई और बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है जिस पर नियंत्रण करने में भाजपा और आम आदमी पार्टी पूरी तरह से विफल साबित हुई है। कांग्रेस न्याय यात्रा में दिल्ली वालों की परेशानियों को जनता के साथ मिलकर, चर्चा करके, उनके समर्थन से खत्म करने के लिए रास्ते बनाए जाएंगे। दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान कार्यकर्ता दिल्ली की ललकार चाहिए, कांग्रेस की सरकार के नारे लगा रहे है।



**मंगत राम सिंघल, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार:** दिल्ली न्याय यात्रा का जनता जगह-जगह भव्य रूप में स्वागत कर रही है। इससे साफ है कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और भाजपा के शासन से खुश नहीं है। क्योंकि दोनों की पार्टियों ने जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और फिर से कांग्रेस को शासन में देखना चाहते है।



**शिवांग सिंघल, कांग्रेस नेता, आदर्श नगर विधानसभा:** कांग्रेस के कार्यों से लोग काफी ज्यादा प्रभावित है, जिसका उदाहरण है दिल्ली न्याय यात्रा, यह यात्रा जहां पर भी जा रही है, वहां की जनता इस यात्रा का भव्य रूप में स्वागत कर रही है और कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव को क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत करा रही है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता कांग्रेस पार्टी के कार्यों से खुश है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस को शासन में लाना चाहती है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है।

# तीन दिन चलेगा हरियाणा विधानसभा का सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक सोमवार को विधानसभा सचिवालय में हुई, जिसमें तय किया गया कि 13 नवंबर से शुरू होने वाला विधानसभा सत्र तीन दिन चलेगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि शीतकालीन सत्र में तीन बैठकें होंगी। स्पीकर हरविंद्र सिंह कल्याण की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, संसदीय कार्य मामले मंत्री महीपाल सिंह ढांडा, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के अलावा कांग्रेस से पूर्व मंत्री गीता भुक्कल, निर्दलीय विधायकों की ओर से पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल व इनेलो के रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला बैठक में मौजूद रहे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 13 नवंबर से शुरू होने वाले सत्र के पहले दिन राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय का अभिभाषण होगा। इसी दिन अभिभाषण पर चर्चा भी होगी। 14 नवंबर को सत्र की दूसरी बैठक होगी। 15 को गुरुनानक जयंती, 16 को शनिवार और 17 को रविवार का अवकाश रहेगा। सोमवार यानी 18 नवंबर को सत्र की आखिरी बैठक होगी। इस बार शीतकालीन सत्र के दौरान प्रश्नकाल नहीं होगा। इस सत्र में सरकार की ओर से कई आर्डिनेंस और विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे। सरकार कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत एक लाख 20 हजार के लगभग कांट्रैक्ट कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र यानी 58 वर्ष तक रोजगार की गारंटी का ऐलान कर चुकी है। इस संदर्भ में नायब सरकार के पहले कार्यकाल में ही आर्डिनेंस जारी किया जा चुका है। अब शीतकालीन सत्र में इस आर्डिनेंस को पेश किया जाएगा। इस पर पक्ष और विपक्ष के विधायक अपनी बात रख सकेंगे। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में नेता प्रतिपक्ष भी बतौर सदस्य शामिल होते हैं, लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने अभी तक विधायक दल के नेता का फैसला ही नहीं किया है। ऐसे में कांग्रेस विधायकों की ओर से पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने भाग लिया। बैठक के बाद विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ्डा ने कहा कि फिलहाल बिजनेस के अनुसार ही तीन दिन सत्र चलाने का फैसला लिया गया है।

कांग्रेस का आपसी झगड़ा ही खत्म नहीं हो रहा।





## हरविंदर ने सत्र की शुरूआत के लिए इंतजाम पुख्ता किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पिछले माह 25 अक्तूबर से शुरू हुआ 15वीं हरियाणा विधान सभा का प्रथम सत्र 18 नवंबर तक चलेगा। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह, संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक सावित्री जिंदल, गीता भुक्कल और अर्जुन चौटाला शामिल हुए। सत्र की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विस अध्यक्ष ने हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ भी बैठक की। इस दौरान सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अनेक दिशानिर्देश दिए गए। बैठक के बाद विस अध्यक्ष ने विधान सभा परिसर का मुआयना भी किया। सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आयोजित बैठक में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधान सभा सत्र संसदीय लोकतंत्र का पर्व है। इसकी प्रत्येक व्यवस्था नियमों के अनुसार पूरी तरह कर्तव्यनिष्ठा के साथ की जानी चाहिए। सत्र की कार्यवाही में भाग लेने वाले किसी भी सदस्य को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## विधानसभा सत्र में विपक्ष के पास नहीं है कोई मुद्दा: महिपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा का शीतकालीन सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस सत्र के लिए विपक्ष के पास कोई विशेष एजेंडा नहीं है। श्री ढांडा आज यहां विधानसभा सत्र के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास सदन में उठाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। वो आपस में ही झगड़ रहे हैं। अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन भी नहीं कर पा रहे हैं। सदन में नेता प्रतिपक्ष का होना जरूरी होता है तभी हम सार्थक चर्चा कर पाते हैं। लोगों को भी न केवल सरकार से बल्कि विपक्ष के नेताओं से भी विधानसभा सत्र के बारे खास लगाव रहता है और वे चाहते हैं कि उनके क्षेत्र की मांगें सदन में उठाई जाएं, परंतु विपक्ष का कोई नेता ही नहीं है तो जनता को विपक्ष से क्या उम्मीद हो सकती है। मंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह से सदन चलाने को तैयार है।

**अभिभाषण**

**13 को होने वाले विधानसभा का शीतकालीन सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र शुरू होगा**

अनुपूरक मांगों के अलावा कुछ अध्यादेश भी सदन में पारित किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य विधायी प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सदन में एक नई परिपाटी लागू की है। इसके तहत हर विधायक को बजट सत्र हो या फिर शीतकालीन सत्र हो, बोलने का मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर मुद्दे का जबाव सदन में पुख्ता तौर पर दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### पलवल: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने भाजपा पर लगाए ईवीएम हैक करने का आरोप

**पलवल।** जनपद में सोमवार को आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने एक बार फिर ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि हम चुनाव हारे नहीं हैं बल्कि ईवीएम मशीनें हैक कर बेईमानी से चुनाव हराया गया है, लेकिन हमारे हौंसले नहीं हारे। उन्होंने कहा कि आज भी हममें वो ताकत है कि हमारे कार्यकर्ता की तरफ कोई उंगली उठाकर नहीं देख सकता, देखा तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सीबीआई, ईडी, सीआईडी, चुनाव आयोग, न्यायपालिका या कोई अन्य एजेंसी हो, सभी को भाजपा ने अपने कब्जे में किया हुआ है। देश-प्रदेश में पूरी तरह से गुंडागर्दी का माहौल बना हुआ है। देश में हिंदू-मुसलमान के नाम से जहर घोलकर शासन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण द्वारा होडल क्षेत्र में उनके विरोध में चुनाव प्रचार करने पर कहा कि हम विरोधियों के दम पर नहीं, बल्कि अपने दम पर राजनीति करते हैं। विरोधी और विपक्षी के साथ तो अदले का बदला है। कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने यूपी के मंत्री लक्ष्मीनारायण पर निशाना साधते हुए कहा कि दो साल बाद उत्तर प्रदेश में चुनाव होने हैं, अगर क्षेत्र की जनता में दम है तो वहां अपना दम खम दिखा दें। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों जब लोकसभा के चुनाव हुए तो वह पूरे प्रदेश में प्रचार में जुटे रहे और अपने क्षेत्र को समय नहीं दिया, जिसके बावजूद भी क्षेत्र से पार्टी की जीत हुई। विधानसभा चुनावों में उन्होंने कोई गांव, घर और व्यक्ति नहीं छोड़ा, लेकिन फिर भी पार्टी प्रदेश में चुनाव हार गई। उदयभान ने कहा कि वह चुनाव हारे नहीं, बल्कि बेईमानी से चुनाव हराया गया है। भाजपा का प्रत्याशी चुनाव से मात्र 15 दिन पहले आया और जनता की मालाओं को वापस कर, लंबी दंडोती करने का ड्रामा करके चुनाव जीत गया। मैंने तो हमेशा ईमानदारी से राजनीति की है और जनता ही मेरा भरपूर सहयोग करके चुनाव लड़ाती है।

### दीमक की तरह अंदर ही अंदर खोखला कर देता नशा : रागिनी झा

**हिसार।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से हांसी क्षेत्र के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मैगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य राजेश भड़ाना ने की,जबकि राज्य समन्यवक रागिनी झा मुख्य अतिथि रही।

## बदला स्कूलों का समय, 15 नवंबर से लागू होगा नया टाइम टेबल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने 15 नवंबर से शीलकाल को देखते हुए राज्य के स्कूलों का समय बदल दिया है। प्रदेश में जो स्कूल डबल शिफ्ट में चल रहे हैं, उनमें यह बदलाव मंगलवार से लागू होगा। जबकि एकल शिफ्ट वाले स्कूलों में नया बदलाव 15 नवंबर से लागू किया जाएगा।
विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को निदेशक एससीईआरटी, राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों तथा जिला परियोजना समन्वयक के नाम जारी एक पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में एकल पारी में चलने वाले सभी स्कूल 15 नवंबर से 15 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 तक लगेंगे। दो पारी में चलने वाले स्कूलों में पहली बार सुबह 7.55 से दोपहर 12.30 तक स्कूल लगेगा। दूसरी पारी 12.40 से शाम 5.15 बजे तक चलेगी। निदेशालय के अनुसार वर्तमान शिक्षा सत्र के दौरान डबल पारी वाले स्कूलों की नई समय सारिणी 12 नवंबर से लागू होगी जबकि आगामी सत्र के दौरान यह 15 अक्टूबर से मान्य होगी।

## पहली बार जीते विधायकों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा में इस बार नए चुनकर आए विधायकों को विधायी कार्यों के बारे में मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय की तरफ से सोमवार को कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बुधवार से प्रदेश विधानसभा का सत्र शुरू होना है। प्रदेश की 15वीं विधानसभा के 90 विधायकों में से 40 ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बनकर सदन में पहुंचे हैं। इनमें भाजपा के 23 और कांग्रेस के 13 विधायक शामिल हैं। इसके अलावा इनेलो के दो तथा दो निर्दलीय विधायक पहली बार चुनकर आए हैं। पिछले माह 25 अक्टूबर को विधानसभा में विधायकों को शपथ के दौरान नए विधायकों के लिए विधायी प्रशिक्षण की मांग उठी थी। जिसे पूरा करते हुए सोमवार को हरियाणा विधानसभा सचिवालय ने सभी विधायकों को एक पत्र जारी कर 12 नवंबर की शाम तक चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का संदेश दिया गया है। इसमें नए विधायकों को सदन में प्रश्नकाल, शून्य काल, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, बजट चर्चा, सदन में आने प्रस्तावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। राज्य में 50 विधायकों में से कई ऐसे हैं, जो दो, तीन, चार, पांच, छह बार तक विधायक बन चुके हैं। राज्य में सात बार विधायक बनने वाले दो ही विधायक हैं। इनमें बेरी से कांग्रेस के डॉ.रघुबीर सिंह कादियान और अंबाला कैंट से भाजपा के अनिल विज हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी छठी बार विधानसभा पहुंचे हैं। कैथल से कांग्रेस टिकट पर विधायक बने आदित्य सुरजेवाला इस विधानसभा के सबसे युवा विधायक हैं। वह महज 25 साल की उम्र में विधानसभा पहुंचे हैं। इसी तरह 21 विधायक दूसरी, 14 विधायक तीसरी, चार विधायक चौथी, 5 विधायक 5वीं और एक विधायक छठी बार विधानसभा पहुंचा है।



**कार्यक्रम जारी**

**भाजपा के 23 और कांग्रेस के 13 विधायक शामिल हैं। इसके अलावा इनेलो के दो तथा दो निर्दलीय**

## कपालमोचन मेले का विधिवत शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्थित पवित्र धार्मिक स्थल श्री कपालमोचन-आदिबद्री में पांच दिन तक चलने वाले मेले का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ। इस मेले में 8 से 10 लाख तक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्री कपालमोचन में लगने वाले मेला आज से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर तक चलेगा। मेले में प्रतिदिन 15 से 20 हजार श्रद्धालु पंहुच रहे हैं और अगले एक-दो दिन में श्रद्धालुओं की और अधिक संख्या बढने.की संभावना है, जिसको देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि मेला श्री कपालमोचन-आदिबद्री का एक विशेष धार्मिक महत्व है और इस मेले में हरियाणा प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिनके लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा बेहतरीन व्यवस्थाएं एवं प्रबन्ध किये गये हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये यहां पर प्रशासन द्वारा एक रैन बसेरा भी बनाया गया है तथा सुरक्षा की दृष्टिद से पुलिस का भी व्यापक बंदोबस्त किया गया है तथा सीसीटीवी कैमरों की मद्द से भी मेले के हर कोने पर पुलिस प्रशासन द्वारा नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये मेला क्षेत्र में सूचना प्रसारण केन्द्र एवं गुमशुदा तलाश केन्द्र भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाएं सुचारु रूप से कायम रहें, इसके लिये अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा मेले में पहुंचे सभी लोग सहयोग करें।

**भक्ति**

**कपालमोचन-आदिबद्री में पांच दिन तक चलने वाले मेले का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ**

## सिरसा में डेंगू से बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
सिरसा : सिरसा जिला में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। रविवार की रात यहां डेंगू के चपेट में आई 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जिसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। सिरसा में अब तक डेंगू के 185 से अधिक मरीज सामने आए हैं। प्रशासन द्वारा शहर में फॉगिंग करवाई जा रही है, लेकिन हर गली में फॉगिंग नहीं हो रही। कर्मचारी मोहल्ले की मेन सड़क पर ही फॉगिंग करके चले जाते हैं, जिससे मच्छर नहीं मरते,जबकि प्रशासन को शहर की हर गली में फॉगिंग करवानी चाहिए।

## धनकोट में जल्द होगा जाम की समस्या का समाधान : राव



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में ढांचागत तंत्र को विकसित करने के लिए धरातल पर ऐसी योजनाएं तैयार की जाए जिनका नागरिकों को जल्द से जल्द लाभ मिले। साथ ही सडक, सीवरेज व जल निकासी से जुड़े कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने ये निर्देश आज गुरुग्राम-झज्जर मार्ग पर गांव धनकोट के समीप सडक, यातायात प्रबंधन व जलनिकासी के इंतजामों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। राव नरबीर सिंह ने कहा कि झज्जर मार्ग के जरिए गुरुग्राम शहर में प्रदेश के अन्य जिलों की कनेक्टिविटी है। ऐसे में इस सडक पर यातायात का सघन दबाव रहता है। धनकोट गांव में जाम की स्थिति न हो, इसके लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने धनकोट के समीप नहर पर अतिरिक्त स्लैब डालकर या कोई अन्य विकल्प तलाश कर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी, जीएमडीए और नगर निगम के अधिकारी एक संयुक्त मीटिंग बुलाकर एक समय सीमा के भीतर इसका समाधान करना सुनिश्चित करे। उन्होंने गांव धनवापुर के समीप होने वाले जलभराव के समाधान के भी निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने एक महीने के भीतर इस समस्या का समाधान करने की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी कैबिनेट मंत्री को अपनी विभिन्न मांगों के अवगत कराया।

**आदेश**

**मंत्री ने सुनी धनकोट में ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर ही अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश**

## पलवल को स्वच्छ जिला बनाने का लें संकल्प: गौरव गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** प्रदेश सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि स्वच्छता जन-जन से जुड़ा मामला है और एक सामूहिक दायित्व है। यदि सभी जिलावासी मिलकर पलवल को देश का सबसे साफ, स्वच्छ व सुंदर जिला बनाने को संकल्प लें तो पलवल जिला एक दिन अवश्य ही पलवल जिला स्वच्छता व सुंदरता के मामले में देश का अग्रणी जिला होगा। स्वच्छता अभियान में हर एक व्यक्ति की भागीदारी व सहयोग आवश्यक है। राज्य मंत्री गौरव गौतम सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से पलवल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करने उपरांत आमजन से स्वच्छता की अपील कर रहे थे। प्रशासन की ओर से आज आगरा चौक से लेकर न्यू कालोनी तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने स्वयं कूड़ा उठाने वाले वाहन को चलाते हुए शहर में जगह-जगह से कचरा एकत्रित किया। अनेक विविधताओं के बाद भी एकजुट रहना हमारे देश की एक विशिष्ट पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक इच्छाशक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, इसका उदाहरण स्वच्छ भारत अभियान है। भारत को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी एवं सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन बनकर उभरा है।

**जिला को साफ-सुथरा रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें जिलावासी :** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे अपने जिला को साफ-सुथरा रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों का योगदान बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जिला में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रतिदिन दोहपर 2 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाकर चौक-चौराहों, सडकों और गली-मोहल्लों में साफ-सफाई की जाएगी। इस अभियान में सभी नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य में जन साधारण के सहयोग की सदैव जरूरत रहती है। गली-मोहल्ले व शहर साफ-सुथरा रहे, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जिला को स्वच्छ व सभी को स्वस्थ रखने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। स्वच्छता के लिए संकल्पित भाव से कार्य करने से जिला स्वच्छ होगा।

**सहयोग**

**स्वच्छता जन-जन से जुड़ा मामला है और एक सामूहिक दायित्व, अभियान में व्यक्ति की भागीदारी, सहयोग जरूरी**




## फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फील्ड में रहें अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: जिले में बढ़ते प्रदूषण स्तर और पर्यावरण पर इसके प्रतिकूल पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए डीसी सख्त हुए हैं। उन्होंने एक्यूआई को कम करने के लिए हर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को डीसी ने लघु सचिवालय के सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े और ठोस कदम उठाएं और अधिक से अधिक समय फील्ड में ही रहें ताकि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोका जा सके। डीसी ने कहा कि लगातार बढ़ रहे एएफएल (एयर क्वालिटी लेवल) के मामले पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। जिससे निपटना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में रहकर पूरी सतर्कता से निगरानी करें ताकि कोई भी किसान फसल अवशेष जलाने का प्रयास नहीं करे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में चालू सीजन के दौरान यदि कहीं भी फसल अवशेष जलाने की घटना सामने आती है तो किसान के साथ-साथ उस क्षेत्र में तैनात संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने किसानों को आह्वान करते हुए वैकल्पिक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को पर्यावरण के बारे में भी जागरूक करें और उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक और अन्य तरीकों की भी जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक किसान फसल अवशेष जलाने के स्थान पर आधुनिक विकल्पों का प्रयोग करें।

## फरीदाबाद: यौन शोषण मामले में आरोपी को बीस साल की कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** नाबालिक लड़की के साथ यौन शोषण मामले में दोषी को अदालत ने सोमवार को 20 साल की कैद व 60 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में आकाश निवासी गांव पहलादपुर बडोली फरीदाबाद के खिलाफ सहाबुदीन ने अपनी पुत्री के साथ यौन शोषण की शिकायत दी गई थी, जिस पर महिला थाना सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया और 30 सितम्बर को आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया गया था। अभियोग को चिंहित अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

## बदमाशों ने दिनदहाड़े ज्वैलर्स की दुकान लूटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** जिले के बावल कस्बे में सोमवार को नकाबपोश बदमाशों ने एक ज्वेलरी शोरूम पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कई राउंड फायर की, जिसमें एक गोली शोरूम मालिक के बेटे को जा लगी। इस दौरान बदमाशों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लूटी और भाग निकले। ज्वेलरी शोरूम में लूट की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बावल निवासी प्रीतम सिंह सोनी का कटला बाजार में कोमल ज्वैलर्स नाम से शोरूम है। रोजना की तरह वह अपने बेटे के साथ शोरूम पर बैठे हुए थे। तभी एक बाइक पर सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाश उनके शोरूम में दाखिल हुए। बदमाशों ने सीधे उन पर पिस्टल तान दी। हाथ में डंडा लिए एक बदमाश ने शोरूम के शीशे तोड़े और लाखों रुपये के सोने के हार, चांदी की मूर्तियां और तिजोरी से नकदी निकाल ली। बदमाश ने वारदात के दौरान कई राउंड फायरिंग की। इस बीच एक गोली शोरूम मालिक प्रीतम के बेटे के पैर में जा लगी। बदमाश शोरूम में लूट की वारदात को अंजाम देकर बाहर निकले और फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इस बीच घायल शोरूम मालिक के बेटे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों द्वारा ज्वैलर्स शोरूम में लूट की सूचना मिलते ही बावल थाना प्रभारी लाजपत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बावल डीएसपी सुरेंद्र श्योराण व एसपी गौरव राजपुरोहित भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पीड़ित ज्वैलर्स शोरूम मालिक से घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए जिले की सीमाओं को सील कर दिया। पुलिस के अलावा सीआईए की टीमें बदमाशों की तलाश में लग गई हैं।



# माता महालक्ष्मी वरदान श्री अग्रसेन धाम के भव्य निर्माण का शिलान्यास विधिवत संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली** दिल्ली एनसीआर में स्थित माता महालक्ष्मी वरदान श्री अग्रसेन धाम के भव्य निर्माण का शिलान्यास विधिवत संपन्न हुआ। समझ में देश के महान पूज्य संतों के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल श्री शिलान्यास करता श्रीमती कविता राजीव जैन पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता वह अग्रवाल विकास ट्रस्ट दिल्ली के अध्यक्ष नंदकिशोर गर्ग शिलान्यास पूजा के मुख्य संयोजक सुप्रसिद्ध समाज से वीरेंद्र बंसल समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष जगदीश राय गोयल एवं स्वागतम अध्यक्ष कंटर बोर्ड के माननीय सदस्य टीकाराम मित्तल सम्मानित अतिथि नरेश एरन सोनिया अग्रवाल एवं संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के साथ सैकड़ो सामाजिक संगठनों के मुख्य प्रतिनिधि एवं



नजन शामिल हुए । संत समाज धर्म संसद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सुशील गोस्वामी जी महाराज ने कहा कि यह धाम निश्चित रूप से विश्व विख्यात होगा और यहां की अनुभूति से मुझे आभास हो रहा है कि यहां साक्षात माता महालक्ष्मी विराजमान है जिसकी अलौकिक कृपा सभी भक्तों को धन्य करती है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि तीन राज्यों को एक साथ जोड़ने वालायह स्थान कुंडली में बनने वाले इस धाम की महिमा अपने आप में अनोखी है जिसके दर्शन मात्र से ही हमें मन की शांति व ऐसे धार्मिक व सामाजिक स्वरूप की झलक मिलती है जिससे हमारा मन गदगद हो उठता है उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जल्द ही इस पवित्र स्थल पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी विशेष रूप से पधारे श्री शीला न्यास करता कविता जैन पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार ने कहा कि श्री अग्रसेन धाम अग्रवाल के बाद पूरे विश्व में दूसरे स्थान के रूप में महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों एवं आदर्श के साथ धर्म में मानवता की रक्षा की प्रेरणा का मुख्य केंद्र होगा और हरियाणा प्रांत कैसेजिला सोनीपत में इसकी स्थापना ने केवल जिला वासियों के लिए अपितु पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर संकल्प लेते हैं कि यह स्थल एक पवित्र धरोहर के रूप में विश्व विख्यात बने और माता महालक्ष्मी की कृपा पाने हेतु हजारों भक्त प्रतिदिन श्री अग्रसेन धाम कुंडली में विशेष रूप से पधारे संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक का अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथि गणों का स्वागत अभिनंदन किया और विशेष आभार व्यक्त करते हुए धाम के सभी ट्रस्टी एवं सहयोगी बांधों को इस पवित्र स्थल के शिलान्यास का मुख्य सूत्रधार बताया उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में जुड़े दानी सज्जनों की बदौलत ही हम आज इस पवित्र धर्मस्थली के शिलारिया समारोह को कर पा रहे हैं और इस भाव मंदिर की नींव रखने का पूरा-पूरा श्रेय सभी माननीय संस्थापक ट्रस्टी एवं सहयोगी बंधुओ का है । संस्था के प्रचारक के रूप में भजन गायक प्रिंस एवं शुभम जैन ने माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी के भजनों से सभी भक्तों के मन को मोह लिया और सभी झूम कर नाचने लगे । इस पवित्र कार्य में माता महालक्ष्मी मंदिर शिलान्यास के साथ-साथ माता का महा अभिषेक भी किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में सहयोगी रहे।

महामंत्री अनिल गोयल राजेश गोयल कंट्रोल बोर्ड सदस्य अतुल सिंघल राष्ट्रीय मुख्य संयोजक सुरेश जैन, कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, दीपक मित्तल,जगदीश राय गोयल, दया शंकर गुप्ता ,श्री भगवान गोयल, रश्मि सिंगला आदि बहुत से सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डिप्टी कमांडेंट के सेवानिवृत होने पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**
**सीआईएसएफ के** डिप्टी कमांडेंट राजीव पांडेय लगभग 39 वर्षों तक सीआईएसएफ में अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्ति हो गए। जिनके लिए ददलाना गांव में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव में पहुंचने पर पांडे को पगड़ी पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डिप्टी कमांडेंट राजीव पांडेय ने बताया कि उनके लिए खुशी की बात यह है कि उन्होंने 1985 में जब सीआईएसएफ की नौकरी ज्वाइन की तब उन्होंने ट्रेनिंग भी यंही मधुबन करनाल में की थी और आज पानीपत रिफाइनरी स्थित सीआईएसएफ की इकाई से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 39 वर्ष की नौकरी में उन्हें संवेदनशील, अति संवेदनशील, राष्ट्रीय धरोहरों, एयरपोर्टों, मैट्रो आदि सहित लगभग 16 इकाइयों में काम किया। परंतु जितना मान सम्मान उन्हें यहां पानीपत रिफाइनरी के आसपास के लोगों द्वारा दिया गया इतना मान सम्मान उन्हें कहीं नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मैं इस मान सम्मान के लिए आप सभी का उम्रभर ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि यहां से जाने का मन तो नहीं है परंतु समय के अनुरूप सभी कार्य करने पड़ते हैं। आप लोग जब भी मुझे याद करेंगे मैं आपके पास खड़ा मिलुंगा। इस अवसर पर उनके साथ महाप्रबंधक फायर एंड सेफ्टी के.के.झां, मुख्य महाप्रबंधक आइएसआरपीएल मुकेश शर्मा, उज्जवल मिश्रा, सतबीर शर्मा, राममेहर शर्मा, कश्मीरी लाल शर्मा, जयभगवान अत्री, नीरज राणा, बृजमोहन, सेवाराम, गोविंद, जितेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों को एन.पी.के. खाद प्रयोग करने हेतु किया जा रहा है प्रोत्साहित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में रबी सीजन में लगभग तीन लाख एकड़ में गेहूं की बिजाई की जाती है। जिसके लिए लगभग 19500 एमटी डीएपी खाद की आवश्यकता होती है। सितम्बर 2024 से अब तक किसानों को लगभग 15 हजार एमटी डीएपी खाद की आपूर्ति किसानों को पैक्स व प्राइवेट खुदरा खाद विक्रेताओं के माध्यम से की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपनी जरूरत के अनुसार ही खाद की खरीद करे तथा अनावश्यक स्टॉक न करे। जिला में डीएपी खाद की आपूर्ति लगातार सुचारू रूप से की जा रही है। इसके साथ ही कृषि



विभाग द्वारा किसानों को डी.ए.पी. खाद के साथ-साथ एन.पी.के. खाद प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि एन.पी.के. खाद के उपयोग से किसानों को बचत होती है एवं फसल के लिए आवश्यक सभी उर्वरक भी मिलते है। अभी तक कुरुक्षेत्र जिले में लगभग 70 प्रतिशत रकबा में रबी फसलों की बिजाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त खाद विक्रेताओं को कड़े निर्देश देते हुए हिदायत दी गई है कि खाद के साथ किसी भी प्रकार की टैगिंग न करे। यदि कोई खाद विक्रेता टैगिंग अथवा काला बाजारी करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। खाद एवं बीज की गुणवत्ता जांच हेतु विभागीय टीमें लगातार बिक्री केन्द्रों का दौरा कर रही है और सैम्पलिंग करके गुणवत्ता जांच हेतु राजकीय प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे है।

# दिव्यांग छात्रों की छात्रवृति के आवेदन करने की तिथि में की गई बढ़ोतरी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**उपायुक्त डॉक्टर** वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग छात्रों की छात्रवृति के लिए आवेदन हेतू एनएसपी पोर्टल शुरू कर दिया गया है जिसकी पोस्ट मैट्रिक तथा टोप क्लास योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 नवंबर 2024 कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2024-25 में शिक्षण संस्थानों द्वारा नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर दिव्यांगजन छात्रवृति के लिये छात्रों द्वारा आवेदन नहीं करवाने के कारण लक्ष्य के मुकाबले बहुत कम ही आवेदन रजिस्ट्रड हुए है। उपरोक्त सभी योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी डी इ पी एस इ डब्लू की वैबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.डीइपीएसइडॉटजीओवी पर उपलब्ध है।

# असंध रोड नाके के पास शहर में बनेगा नया फ्लाईओवर



**टम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत शहर को जाम** मुक्त बनाने की दिशा में विधायक प्रमोद विज द्वारा सोमवार को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए फ्लाईओवर की आधारशिला रखी यह फ्लाईओवर दिल्ली पैरलर नहर के साथ नाके के ऊपर से होते हुए रिफाइनरी की तरफ बनाया जाएगा` फ्लाईओवर की लागत 14.60 करोड़ होगी एवं फ्लाईओवर की लम्बाई 620 मीटर होगी` लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण होगा एवं फ्लाईओवर जनता की सेवा में समर्पित होगा`

**इन्हें मिलेगी राहत**
फ्लाईओवर का लाभ रिफाइनरी की तरफ जाने वाले, जींद की तरफ जाने वाले और गोहाना रोड़ की तरफ जाने वालों को विशेष रूप से मिलेगा और ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

फ्लाईओवर बनने से असंध नाके पर भीड़ कम होगी और पानीपत शहर के अंदर और बाहर जाने वाले वाहन चालकों को भी ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक हादसे में बुजुर्ग की मौत, काम पर जाते वक्त हुआ हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में घटित** एक सडक हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग अपनी साइकिल पर सवार होकर काम के लिए जा रहा था। इसी दौरान ईको गाड़ी ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह सडक पर जा गिरा। गाड़ी को नाबालिग चला रहा था। घायल अवस्था में बुजुर्ग को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय केदारनाथ निवासी बुढ़ाखेड़ा गांव के रूप में हुई है, जो करनाल के सेक्टर-8 में मौची का काम करते थे। परिजनों ने ईको गाड़ी चालक पर लापरवाही के आरोप लगाए है। मृतक के बेटे गुरचरण सिंह का आरोप है कि गाड़ी का स्टेयरिंग नाबालिग के हाथों में था। जिसके पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही कोई अनुभव। जब टक्कर लगी तो केदारनाथ करीब तीन फुट उछलकर गाड़ी के ऊपर फ्रंट शीशे पर जा गिरा था। गाड़ी की स्पीड बहुत ही ज्यादा तेज थी। बुजुर्ग को काफी दूर तक घसीटा गया। इआरवी इंचार्ज ने बताया कि नूरमहल चौक के पास ईको ने साइकिल सवार को टक्कर मारी है। ईको ड्राइवर एक नाबालिग है, जिसके परिजनों को बुलाया गया है। ड्राइवर के पास कोई भी लाइसेंस नहीं है। संबंधित थाना को सूचना दे दी गई है। शिकायत के अनुसार ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कॉलेज बस व स्कूटी में हुई टक्कर, स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में गुरू ब्रह्मानंद** कन्या महाविद्यालय अंजनथली की बस और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के वक्त बस में छात्र भी सवार थे। हादसा तरावड़ी के चोपड़ी रोड पर लल्याणी गांव के पास मुस्कान राइस मिल के सामने हुआ। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्कूटी चालक की पहचान राजेंद्र के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला है और तरावड़ी की एक मिल में काम करता है। प्रत्यक्षदर्शी दीपक ने बताया कि स्कूटी चालक तरावड़ी की तरफ से आ रहा था और बस तरावड़ी की तरफ जा रही थी। सडक पर ही राइस मिल की धान से भरी गाड़ी खड़ी हुई थी, स्कूटी चालक ट्रक को ओवरटेक करने लगा तो सामने से आ रही बस से टकरा गया। चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है और हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो जिस वक्त हादसा हुआ। उस वक्त बस में 25 से 30 छात्र मौजूद थे, जिससे बच्चे काफी ज्यादा घबरा गए। लोगों ने बच्चों को भी हौसला दिया और उन्हें दूसरी गाड़ी से भिजवा दिया। हादसा मिल के ट्रकों के सडक पर खड़े होने के कारण हुआ है। सडक पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

### गांव भदाना में दो घरों से हजारों रुपये की राशि व आभूषण चोरी

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र के** गांव भदाना में दो घरों से हजारों रुपये की राशि व आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। दोनों मकान मालिक अपने बच्चों से मिलने के लिए दिल्ली गए हुए थे। वापिस आने पर चोरी के बारे में पता चला। मामले को लेकर पुलिस को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भदाना निवासी अतर सिंह ने बताया कि वह करीब दो वर्ष से परिवार सहित दिल्ली नजफगढ़ में रहता है। उनका गांव में सरकारी स्कूल के पास मकान भी है। उसके भाई दिलबाग ने कॉल करके बताया कि मकान के दरवाजे खुले हुए है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा।

# प्रोपर्टी आईडी से सम्बधिंत शिकायतों का किया समाधान: सचिन गुप्ता




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अतिरिक्त उपायुक्त** एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगर निगम में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन कर-के लोगों की समस्याओ का मौके पर ही समाधान किया जा रहा हैं। इस समाधान शिविर में प्रोपर्टी आईडी से सम्बधित 5 शिकायतों का समाधान किया गया हैं। उन्होनें यहां जारी आज प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में सोमवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी व नई आईडी बनवाने के लिए 30 लोगों ने आवेदन किए। इनमें से 5 आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। इन समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। इन शिविरों में सभी अधिकारी मौके पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते हैं। इसलिए इन शिविरों का नागरिकों को अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अशोक विहार निवासी हंसराज व जसवीर सिंह की समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया।

# मंडियों में 270592.1 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 10 नवम्बर तक कुल 270592.1 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 25011.1 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 1509 किस्म की 143517.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 86137 मीट्रिक टन व मुच्छल/डीबी 15927 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 17458 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5839 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 1362 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 10049 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 208 मीट्रिक टन धान की आवक की गई। इसी प्रकार बापौली मंडी में कुल 15775.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 576.9 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 9836 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 585 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 4778 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसराना मंडी में कुल 12918.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 3211.9 मीट्रिक टन और 1509 किस्म की 3664 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 5423 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 620 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसी प्रकार मडलौडा मंडी में कुल 54389.6 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 6422.6 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 22669 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 14465 मीट्रिक टन धान व मुच्छल/डीबी 10833 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। पानीपत मंडी में कुल 50026.7 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5174.7 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 12811 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 2496 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 29545 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। समालखा मंडी में कुल 120023 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 3786 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 34036 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 81016 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 1185 मीट्रिक टन धान की आवक हुई हैं। इसी प्रकार सनौली मंडी में कुल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए शून्य मीट्रिक टन, कोमन शून्य मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला की मंडियों में 266575.4 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 244982 मीट्रिक टन धान खरीद किया गया और हैफेड द्वारा 12119.9 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, एचडब्लयूसी द्वारा 9473.5 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। बाबरपुर मंडी में 17035.1 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 11619 मीट्रिक टन धान खरीद किया गया और हैफेड द्वारा 4343 मीट्रिक टन धान और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1073.1 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। बापौली मंडी में 15504.1 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 14964 मीट्रिक टन धान खरीद किया गया और हैफेड द्वारा 540.1 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा शून्य धान की खरीद की गई। इसराना मंडी में 12604.8 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 9707 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 2897.8 मीट्रिक टन धान की गई। मडलौडा मंडी में 53287 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 47603 मीट्रिक टन धान एवं हैफेड द्वारा शून्य मीट्रिक टन धान खरीद किया गया तथा एचडब्लयूसी द्वारा 5684 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

# अपोलो स्कूल ने जीती खंड स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**पट्टी कल्याणा में आयोजित ब्लॉक** स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14 में समालखा ब्लॉक से आए विभिन्न स्कूलों की टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दिखाई। प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए अपोलो इंटरनेशनल स्कूल ,पट्टी कल्याणा ने दूसरे स्थान पर रही ग्रीन हेरीटेज स्कूल की टीम को हराकर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपोलो स्कूल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 20-15 के स्कोर से अपने को प्रतिद्वंद्वी को चारों खाने चित किया । अपने शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के चार खिलाड़ियों पार्थ



,वंश और देव कक्षा नवमी से और कक्षा आठवीं से अरनव का चयन जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अलका टंडन ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अग्रिम आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए आशीर्वाद दिया और कहा कि विद्यालय हर क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है जिसका श्रेय बच्चों के साथ में विद्यालय के मेहनती शिक्षक वर्ग को भी जाता है। विजेता खिलाड़ियों और कबड्डी कोच मनोज छोक्कर को आशीर्वाद देते हुए कार्यक्रम के दौरान मार्गदर्शिका के रूप उपस्थिति रही रजनी शर्मा ने हर्ष जताते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में खेल की भावना तो विकसित होती ही है साथ ही में उनका सर्वांगीण विकास भी होताहै। इस दौरान विद्यालय के खेल विभाग के प्रमुख सुरेंद्र कपूर ,कबड्डी कोच मनोज छोकर, क्रिकेट कोच वीरेंद्र समेत समस्त खेल स्टाफ मौजूद रहा।

# अपने हृदय को स्वस्थ बनाएं: मणिपाल गुरुग्राम द्वारा झज्झर में विशेषज्ञ कार्डियेक केयर की जा रही प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्झर:** मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम खासकर उन लोगों को विशेषज्ञ कार्डियेक केयर प्रदान करने की गंभीर जरूरत को समझता है, जो सालों तक धूम्रपान करने के बाद अपने हृदय को फिर से स्वस्थ बनाना चाहते हैं। हॉस्पिटल अपनी सेवाएं माह के हर शुक्रवार, यानी 15, 22, और 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच मेडिकेयर हॉस्पिटल, झज्झर में एक विशेष ओपीडी के माध्यम से प्रदान करेगा। इस ओपीडी में डॉ. दीक्षित गर्ग, कंसल्टैंट कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम आधुनिक कार्डियेक इलाज प्रदान करेंगे।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू पूरी दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों, मृत्यु और विकलांगता के मुख्य कारणों में से एक है। अनुमान के मुताबिक 2030 तक तम्बाकू की वजह से प्रति वर्ष 70 लाख से ज्यादा मौतें होंगी। इनमें से 60 लाख से ज्यादा मौतों का कारण तम्बाकू का प्रत्यक्ष उपयोग होगा और 10 लाख से ज्यादा मौतों का कारण इस धुएं का संपर्क होगा। धूम्रपान कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का प्रमुख कारण है, जिसकी वजह से हृदय की समस्याएं होने का जोखिम बढ़ जाता है। सिगरेट के धुएं में मौजूद विषैले तत्व हृदय और रक्तवाहिनियों को नुकसान पहुँचाते हैं, जिसकी वजह से आर्टरीज में प्लाक जमा हो जाता है। आर्टरीज संकरी हो जाने, जिसे एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है, के कारण खून के प्रवाह में बाधा आती है और हार्ट अटैक, स्ट्रोक, एवं अन्य कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। समय के साथ धूम्रपान का संचयी प्रभाव हृदय को काफी बीमार कर सकता है, जिसकी वजह से तुरंत धूम्रपान का त्याग करना और इलाज करवाना बहुत आवश्यक हो जाता है, ताकि हृदय को हुई क्षति को कम करके पुनः स्वस्थ बनाया जा सके।डॉ. दीक्षित गर्ग - कंसल्टैंट कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, धूम्रपान का हृदय पर बुरा असर पड़ता है।

## संपादकीय

# अभी राहुल को मीलों चलना है...!

**केंद्रीय गृह** मंत्रालय की छानबीन से पता चला कि राहुल गांधी अपनी सभाओं में भारतीय संविधान की फर्जी प्रति दिखाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने (09 नवंबर 2024) इस बात को झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर चुनावी सभा में उजागर भी किया। शाह ने कहा, "राहुल गांधी जनसभाओं में संविधान के नाम पर लाल कवर वाली जो किताब लहराते हैं, उसमें ऊपर भले ही भारत का संविधान लिखा है, लेकिन उसके पन्ने कोरे हैं। वह नकली किताब है। यह भारत के संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान है।" किन्तु मेरी राय में राहुल गांधी पर यह मिथ्याचार का आरोप इसलिए नहीं लग सकता क्योंकि संविधान उनके जन्म से 25 वर्ष पूर्व पारित हुआ था। राहुल का ज्ञान तो केवल अपनी पैदाइश के बाद की घटनाओं तक ही सीमित हैं। राहुल की अनभिज्ञता का एक और नमूना देखिये। यह प्रमाणित तथ्य है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भीमराव आंबेडकर ने प्रस्तावना में "सेक्युलर और सोशलिस्ट" शब्द शामिल करने में पक्षधर नहीं थे। मगर राहुल इसी की पैरोकारी करते हैं। कृपया 17 अक्टूबर 1949 की संविधान सभा की कार्यवाही देख लें। संसद भवन के संदर्भ शाखा अथवा पर देख सकते हैं। गया (बिहार) से निर्वाचित सदस्य बाबू ब्रजेश्वर प्रसाद (संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथी) ने सर्वप्रथम संशोधन प्रस्ताव रखा था कि प्रस्तावना में "हम भारत के लोग" के बाद सेक्युलर तथा सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिए जाएं, नेहरू ने इसे नजरअंदाज कर दिया। आंबेडकर चुप्पी लगा गए। इस संशोधन पर न हाथ उठे, न ध्वनि मत, न डिविजन मांगा गया। इसका कारण था की नेहरू की राय में यदि नए गणराज्य को सेक्युलर स्टेट कह देते तो भारत में बचे मुसलमान मानते कि की राष्ट्रधर्म विरोधी है। संशोधन के प्रस्तावक ब्रजेश्वर प्रसाद धर्मनगरी गया के वासी थे। लखनऊ विश्विद्यालय के पढ़े थे। खेतिहर मजदूरों के पुरोधा थे। आंबेडकर जो, 1942 में अंग्रेजी वाइसराय के मंत्री थे, अपनी मसौदा समिति से इस संशोधन को मनवा नहीं पाए। कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने परिभाषा दी (9 दिसम्बर 2006) कि "सेक्युलर सोशलिस्ट भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।" संसद में राष्ट्रवादी मुसलमानों का इस संविधान के प्रति नजरिया कैसा रहा ? सैय्यद फजलुर हसन उर्फ हसरत मोहानी ने इस संविधान पर हस्ताक्षर करने ने इनकार कर दिया था। उनकी नजर में ये दस्तावेज त्रुटियों से भरा था। नेहरू स्वयं हसरत मोहानी को मनाते रहे। जिन्ना के इस विरोधी, "इंकलाब जिंदाबाद" का नारा देने वाले, कम्युनिस्ट शायर रहे हसरत मोहानी पर हर हिंदू को नाज है। अतः मूल मसला बनता है कि क्या सात दशक पुराना भारतीय संविधान बदला जाना चाहिए ? युगानुसार परिवर्तन का तकाजा क्या वस्तुनिष्ठ नहीं होगा ? राष्ट्र कब तक गातिहीन या प्रतिगामी दशा में रहेगा? यह मुद्दा अनंतकुमार दत्तात्रेय हेगडे.ने अपने ढंग से उठाया (दिसंबर 2017)। हेगड़े ने "सेक्युलर" वाला पूर्वसर्ग निरस्त करने की बात की थी। आखिर आंबेडकर और नेहरू ने संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर शब्द लगाया ही नहीं था। वह तो आपातकाल (1975-77) में इंदिरा गांधी ने जोड़ा था।

# बाकू सम्मेलन अमीर देशों की उदासीनता दूर कर पायेगा

-ललित गर्ग -

> "देखा जाए तो आज जीवन के हर पहलू पर जलवायु में आते बदलावों का असर साफ तौर पर नजर आने लगा है। लोगों का स्वास्थ्य भी इससे सुरक्षित नहीं है। बात चाहे आपदाओं के कारण जा रही जानों की हो या इसकी वजह से तेजी से पनपती बीमारियों की, जलवायु परिवर्तन रूप बदल-बदल कर लोगों के स्वास्थ्य पर आघात कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को कहीं ज्यादा संजीदगी से लेने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी के प्रति चेतावनी, जीवाश्म ईंधन की सही कीमत का निर्धारण और घरों में ऊर्जा के साफ सुथरे साधनों का उपयोग सालाना 20 लाख लोगों की जान बचा सकता है। ऐसे में इस शिखर सम्मेलन से ठीक पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी देशों से जीवाश्म ईंधन से अपना नाता तोड़ने का आग्रह किया है"

**संयुक्त** राष्ट्र का दो सप्ताह का जलवायु सम्मेलन कॉप-29 सोमवार से अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हो गया है। पर्यावरण से जुड़े इस महाकुंभ में भारत समेत लगभग 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों के लिए जलवायु वित्त का नया लक्ष्य तय करने, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान की वृद्धि को सीमित करने और विकासशील देशों के लिए समर्थन जुटाने पर सार्थक एवं परिणामकारी भी चचाएं होने की संभावनाएं हैं। साथ ही इसमें पेरिस समझौते के लक्ष्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर समूची दुनिया के देश चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं जलवायु वित्त पर विकसित देशों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और ऊर्जा स्त्रोतों के समतापूर्ण परिवर्तन का लक्ष्य प्राप्त करना होंगी। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआइ) के विशेषज्ञ इस वर्ष के शिखर सम्मेलन से चार प्रमुख परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं- नया जलवायु वित्त लक्ष्य, मजबूत राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं के प्रति तेजी, पिछले वादों पर ठोस प्रगति और नुकसान व क्षति के लिए अधिक धनराशि। विश्व में तापमान बढ़ोत्तरी, ह्यअल नीनोह्ल व ह्यला नीनाह्ल के प्रभावों के चलते मौसम की घटनाओं से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। इस बीच एक नए अध्ययन में पूर्वी यूरोप के 10 ऐसे देशों की पहचान की गई है, जो भविष्य में तापमान वृद्धि से सबसे अधिक आर्थिक नुकसान का सामना करेंगे। ऐसे में पूरी दुनिया की निगाहें जलवायु सम्मेलन कॉप-29 में होने वाली चचाओं, फैसलों और नतीजों पर टिकी हैं।

कॉप-29 सम्मेलन को पर्यावरण समस्याओं, चुनौतियों एवं बदलते मौसम के मिजाज को संतुलित करने के लिये महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सम्मेलन से दुनिया ने उम्मीदें लगा रखी है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की राह में विकासशील देशों के सामने सबसे प्रमुख अवरोध वित्तीय संसाधनों का अभाव है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद विकसित देशों का योगदान आवश्यक स्तर से कम है। वर्ष 2022 में विकसित देशों ने 115.9 अरब डालर उपलब्ध कराए और पहली बार 100 अरब डालर के वार्षिक लक्ष्य का आंकड़ा पार हुआ। हालांकि यह अभी भी कम है, क्योंकि अगर विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से



जुड़े लक्ष्य हासिल करने हैं तो 2030 तक हर साल दो ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर राशि की आवश्यकता होगी। कर्ज का अंबार विकासशील देशों की राह में एक और बाधा बना हुआ है। तमाम विकासशील देश कर्ज के बोझ से ऐसे कराह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए उनके पास संसाधन बहुत सीमित हो जाते हैं। इसीलिये जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया एक बार फिर बाकू सम्मेलन कॉप-29 में चर्चा का विषय बन रहा है।

दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। मिस्त्र में हुए कॉप 27 में नुकसान एवं क्षतिपूर्ति कोष की पहल हुई थी, लेकिन उसमें पर्याप्त योगदान न होने से उसकी उपयोगिता सीमित बनी हुई है। ऐसे में यह उचित ही होगा कि विकासशील देश उस नुकसान एवं क्षतिपूर्ति मुआवजे पर भी जोर दें, जिसकी चर्चा तो बहुत हुई थी, लेकिन उस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए। विकसित देशों की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याओं पर उदासीनता इसलिये भी सामने आ रही है कि विकसित देश कार्बन उत्सर्जन में अपने पुराने और भारी योगदान को अनदेखा करते हुए विकासशील देशों पर जल्द से जल्द उत्सर्जन कम करने के लिए ऐसा दबाव डालते हैं कि वे उनकी गति से ताल मिलाएं। इस प्रकार विकासशील देशों की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं का संज्ञान लिए बिना ही अमीर देशों द्वारा लक्ष्य तय किया जाना भी असंतोष का एक कारण बन रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जलवायु परिवर्तन से उपजी प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं ने उन देशों एवं समुदायों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचाई है, जो ग्लोबल वार्मिंग के लिए अपेक्षाकृत कम जिम्मेदार हैं।

देखा जाए तो आज जीवन के हर पहलू पर जलवायु में आते बदलावों का असर साफ तौर पर नजर आने लगा है। लोगों का स्वास्थ्य भी इससे सुरक्षित नहीं है। बात चाहे आपदाओं के कारण जा रही जानों की हो या इसकी वजह से तेजी से पनपती बीमारियों की, जलवायु परिवर्तन रूप बदल-बदल कर लोगों के स्वास्थ्य पर आघात कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को कहीं ज्यादा संजीदगी से लेने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी के प्रति चेतावनी, जीवाश्म ईंधन की सही कीमत का निर्धारण और घरों में ऊर्जा के साफ सुथरे साधनों का उपयोग सालाना 20 लाख लोगों की जान बचा सकता है। ऐसे में इस शिखर सम्मेलन से ठीक पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी देशों से जीवाश्म ईंधन से अपना नाता तोड़ने का आग्रह किया है। साथ ही सरकारों से आम लोगों को जलवायु में आते बदलावों का सामना करने के काबिल बनाने में मदद करने की वकालत की है।

कॉप-29 से ठीक पहले जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य पर जारी अपनी विशेष रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक नेताओं से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य को अलग-अलग मुद्दों के रूप में देखना बंद करने का आग्रह किया है। ताकि न केवल लोगों के जीवन को बचाया जा सके, साथ ही मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 100 से भी ज्यादा संगठनों और 300 विशेषज्ञों के सहयोग से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को संबोधित करते हुए कॉप-29 पर यह विशेष रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में तीन प्रमुख क्षेत्रों लोग, क्षेत्र और ग्रह से जुड़ी महत्वपूर्ण नीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 360 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जो जलवायु में आते बदलावों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। यह वो क्षेत्र हैं जहां खतरा बहुत ज्यादा है। लोगों के जीवन की रक्षा करने के लिए ऐसी स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार करना जरूरी है जो जलवायु में आते बदलावों का सामना कर सकें और मुश्किल समय में भी लोगों के प्राणों की रक्षा कर सकें। स्वास्थ्य और जलवायु नीतियों का मेल मानव प्रगति एवं आदर्श विश्व संरचना के लिए बेहद जरूरी है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। भारत के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित 11 ऐसे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में हैं। ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## कविता

### शीलहरण की कहे कथाएँ।

महाभारत हो रहा फिर से अविराम।
आओ मेरे कृष्णा, आओ मेरे श्याम॥
शकुनि चालें चल रहा है,
पाण्डुपुत्रों को छल रहा है।
अधर्म की बढ़ती ज्वाला में,
संसार सारा जल रहा है।।
बुझा डालो जो आग लगी है,
प्रेम-धारा बरसाओ मेरे श्याम॥
शासक आज बने शैतान,
मूक, विवश है संविधान।
झूठ तिलक करवा रहा,
खतरे में है सच की जान।।
गूंज उठे फिर आदर्शी स्वर,
मोहक बांसुरी बजाओ मेरे श्याम॥
दुः शासन की क्रूर निगाहें,
भरती हर पल कामुक आहें।।
कदम-कदम पर खड़े लुटेरे,
शीलहरण की कहे कथाएँ। ।
खोए न लाज कोई पांचाली,
आकर चीर बढ़ाओ मेरे श्याम॥
आग लगी नंदन वन में,
रूदन हो रहा वृंदावन में।
नित जन्मते रावण-कंस,
बढ़ रहा पाप भुवन में।।
मिटे अनीति, अधर्म, अंधकार सारे,
आकर आशादीप जलाओ मेरे श्याम॥

प्रियंका

# सार्क की चुनौतियों का समाधान

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

सार्क के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5% से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दशार्ता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है। पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है।

2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है।

## विचार

# डोनाल्ड ट्रंप और चीन-पाकिस्तान की बढ़ती चिंता-बेचैनी

**संजीव**

**डोनाल्ड** ट्रंप के अमेरिकी 47वें राष्ट्रपति बनने के साथ ही पाकिस्तान की सरकार में मायूसी छा गई है । पाकिस्तान सरकार के विरोधी जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से डोनाल्ड ट्रंप के अच्छे रिश्तों के चलते पाकिस्तान सरकार घबराई हुई है। वैसे भी डोनाल्ड ट्रंप चीन के घोर विरोधी है और एशिया में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके अच्छे रिश्तो ने पाकिस्तानऔर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेचैनी को बढ़ा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप चीन विरोधी होने के साथ-साथ पाकिस्तानी नीतियों को भी पसंद नहीं करते हैं। इसके अलावा वे बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि मोहम्मद यूनुस ने डोनाल्ड ट्रंप की खुलकर आलोचना की थी ऐसे में अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही एशिया की नीतियों के प्रति उनका नजरिया स्पष्ट रूप से बदल जाएगा ।

पाकिस्तान नागरिक विद्रोह की आग में जल रहा है' यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान में सेना और आम नागरिक आमने-सामने हैं. इमरान खान को कई केसों में जेल भेज कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छोड़ना पड़ा, पर इमरान पूरी तरह से अभी छूटे नहीं है' इमरान की गिरफ्तारी में उनके समर्थकों ने सड़क पर आकर जो तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है उस घटना ने पाकिस्तान को 20 साल पीछे धकेल दिया है' शहवाज शरीफ की सरकार बुरी तरह से घबराई हुई है और वहां के सेना के जनरल मुनीर मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में है' यह उल्लेखनीय है कि सेना के 6, 7 कमांडर इमरान खान के खुले समर्थक हैं इस स्थिति में मार्शल ला लगना भी संभावित नहीं दिखाई दे रहा है'

पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है' शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं है' शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं है' 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 18 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की है। इमरान खान के समर्थक अब रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक लोंग मार्च करेंगे और सेना तथा सरकार का खुलकर विरोध करने वाले हैं। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार सेना के जनरल मुनीर की की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है।

यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं । उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?

**आर.के. सिन्हा**

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है ।सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, "जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई।" यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे । स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू ह्ल हिंदी - चीनी भाई-भाई ह्ल का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे । दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है।

# नारे के आगे दो नारे,नारे के पीछे दो नारे

**राकेश अचल**

**एक** जमाने में फिल्म ' मेरा नाम जोकर ' के लिए हसरत जयपुरी ने एक पहेलीनुमा गीत लिखा था ' तीतर के आगे दो तीतर ,तीतर के पीछे दो तीतर ,बोलो कितने तीतर ? ' आशा भोंसले ने इस गीत को गया था और शंकर जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध किया था। ये बात १९७० की है। आज हम २०२४ के आखरी सिरे पर आ गए हैं लेकिन भारतीय राजनीति में जोकरों के लिए तीतर के बजाय नारे पहेलियाँ बन गए है। ये समझना मुश्किल है की आखिर नारों के आगे,नारों के पीछे कितने नारे हैं और कितने जोकर है।

' मेरा नाम जोकर यदि आज बनाई जाती तो तय है की हसरत जयपुरी साहब को तीतर के आगे दो तीतर गीत के बोल बदलना पड़ते । वे लिखते-' नारे के आगे दो नारे, नारे के पीछे दो नारे,आगे नारे ,पीछे नारे ,बोलो कितने नारे ?निश्चित रूप से ये गीत भी लोकप्रिय होता,क्योंकि आज की राजनीति में नेताओं और मुद्दों से जयदा नारे लोकप्रिय हो रहे हैं ,समूची राजनीति इन्हीं नारों पर टिकी है। जिस दल के पास नारे नहीं ,उसके वारे-न्यारे नहीं। नारे बिना रिजनिति आभूषणों बिना नारी जैसी है।

साल के जाते-जाते भारतीय राजनीति को जो सबसे ज्यादा चर्चित और हिंसक नारा मिला ,वो है - बंटोगे तो कटोगे '। इस नारे के जनक हैं उत्तरप्रदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उनका ये नारा बड़ा ही कटखना है। ये नारा सबसे ज्यादा पसंद आया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को। संघ ने इस नारे को अपनी दैनिक प्रार्थना-' नमस्ते सदा वतस्ले ' की तरह अंगीकार कर लिया। सबसे पहले संघ के दो नंबरी नेता दत्तात्रय होंसबोले ने इस नारे के आगे समर्पण किया। उन्हें शायद आत्मग्लानि हुयी की इतना मारक नारा उनकी नागपुर की फैक्ट्री में क्यों नहीं गढ़ा गया ? कहते हैं कि योगी के नारे कि गूँज कनाडा में सुनाई दे रही है । उनका नारा बंटोगे तो कटोगे अब वैवाहिक निमंत्रण पत्रों पर भी लिखवाया जा ने लगा है।

योगी जी के इस इस नारे की नाव पर सवार होकर भाजपा हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में उतरी । हरियाणा में तो इस नारे से भाजपा की नाव चुनावी वैतरणी पर कर गयी लेकिन जम्मो-कश्मीर में डूब गयी।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध हालत में किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** गांव बैंयापुर खुर्द से संदिग्ध हालत में किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैंयापुर खुर्द निवासी रेखा ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी गत 8 नवंबर को संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द किशोरी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### महाराजा अजमेड़ देव स्वर्णकार समाज द्वारा धर्म सभा का आयोजन 13 को

**गन्नौर। महाराजा अजमेड़** देव स्वर्णकार समाज गन्नौर मंडी द्वारा धर्म सभा का आयोजन 13 नवम्बर को बादशाही रोड निकट लायन्स क्लब कार्यालय के पास किया जाएगा। यह जानकारी अजमेड देव स्वर्णकार समाज के प्रधान अशोक वर्मा ने दी। वर्मा ने बताया कि धर्म सभा में रमेश मुनि महाराज ,प्रवचन भास्कर मुकेश मुनि महाराज, युवा तपस्वी मुदित मुनि महाराज ढाणे प्रवचनों की रसधारा से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। मंगल प्रवचन प्रात साढ़े 8 बजे से होंगे। जिसमें मुख्यातिथि समाजसेवी चंद्र प्रकाश वर्मा शिरकत करेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि धर्म सभा में शामिल होकर संतो का आशीर्वाद ले। अशोक वर्मा ने बताया कि सभा की तैयारियों में समाजसेवी नरेश वर्मा, चंद्रभान वर्मा, गौरव, नरेश वर्मा निगम पार्षद आदि लगे हुए है।

### सतकुम्भा धाम में पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान 15 को, कुश्ती दंगल का भी होगा आयोजन

**गन्नौर। 68 प्रमुख तीर्थों** में शामिल सिद्धपीठ तीर्थ सतकुम्भा धाम पर 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगेगा। इस अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा का स्नान होगा। इसके साथ ही विशाल कुश्ती दंगल होगा और अनंत भंडारे की सेवा भी रहेगी। सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पवित्र और धार्मिक महत्व रखता है। कार्तिक मास की पूर्णिमा को गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना मोक्ष प्राप्ति का मार्ग माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से मनुष्य के सभी पाप धुलते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरुप महाराज के परम सांनिध्य में मेले की व्यवस्था की जा रही है। इसमें सत्यवान स्वरुप महाराज, सोमवीर शास्त्री आदि स्वयं सेवकों के साथ व्यवस्था की तैयारी में लगे हैं। खेड़ी गुजर स्थित सतकुंभा धाम पर दोपहर से विशाल कुश्ती दंगल होगा स्थानीय एवं बाहरी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। दंगल की व्यवस्था बिल्लू पहलवान, शीलू पहलवान, बुस्ली पहलवान, नीरु पहलवान और खेड़ी गुजर के ग्रामीण संभालेंगे।

### विधायक कंवर सिंह ने ट्यूबवैल का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। शहर के वार्ड** नंबर–नौ स्थित लंगड़ा वाली ढाणी पर ट्यूबवैल का शुभारंभ सोमवार को भाजपा विधायक कंवर सिंह यादव ने पूजा अर्चना कर किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर क्षेत्र में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की मंशानुसार विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बता दें कि लंगड़ा वाली ढाणी में करीब 15 सालों से पानी के लिए तरस रही थी। इस ढाणी में टैंकर के माध्यम से लोगों को पानी पीने के लिए मिलता था। विधायक बनते ही कंवर सिंह यादव ने यहां के लोगों की जो बड़ी समस्या थी, पानी के नए बोर का शुभारंभ कर खत्म किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ हल्के की हर ढाणी में पानी पहुंचाया जाएगा। ढाणी में पानी के बोर का उद्घाटन होते ही लोगों में खुशी का माहौल बन गया। जिससे लोगो को पानी की समस्या का सामना करना नही पड़ेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप यादव ने बताया कि इस ढाणी में पानी की काफी समस्या थी और विभाग के सहयोग से नए पानी के बोर का उद्घाटन किया गया।

# नगरपालिका शहर में विकास कार्यों की अब मानिटरिंग होगी

**2 घंटे तक चली बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान ने सुनी समस्याएं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नगरपालिका** कार्यालय के सभागार में सोमवार को नगरपालिका सदन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। इस बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान भी मौजूद रहे। करीब 2 घंटे तक चली बैठक में शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से पानी, बिजली, सीवर, सफाई, पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हुई। विधायक ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों से इनके समाधान के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर शहर की अपनी अलग पहचान होगी। उन्होंने कहा कि शहर में सभी पार्षद मिलकर काम करें जिससे



फर्क तेजी से नजर आएगा। उन्होंने कहा कि शहर में जाम से निपटने को लेकर गन्नौर के बाहर से बाईपास बनवाने को लेकर उनका प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी बढ़ाए जाने को ले कर सरकार को प्रपोजल भेजा गया है। फिलहाल वार्डों में साफ-सफाई को लेकर 20 कर्मचारियों को लगाने तैयारी है, ताकि वार्ड स्वच्छ रहें। स्वच्छता को लेकर लोगों को भी जागरुक किया जाएगा। डेंगू से बचाव को लेकर उन्होंने कर्मचारियों को सुबह-शाम फागिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका शहर में विकास कार्यों की अब मानिटरिंग भी होगी।

अब हर 45 दिन बाद हाउस की बैठक होगी। जिसमें कामों की रिपोर्ट मांगी जाएगी। नगरपालिका में बजट की कमी होने पर सरकार से डिमांड की जाएगी। बैठक में नपा उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा, नपा सचिव पवित्र गुलिया, एमई जयदेव शर्मा, पार्षद वरुण जैन, अंकित त्यागी, शमशेर सैनी, विकास शर्मा, नरेश वर्मा, कृष्ण टांक, सचिन, राजेश शर्मा, संगीता त्यागी, ममता, शिवानी जैन, सोनिया शर्मा, सतबीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

**अधिकारियों व कर्मचारियों को चेताया**

बैठक में विभिन्न विभागों के लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों की भी चर्चा हुई। जिस पर कादियान ने कड़े निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले लोगों को नाजायज परेशान न किया जाए। यदि फिर भी लापरवाही बरती गई तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता परीक्षा को लेकर प्रश्न पत्र वितरित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। ट्रैफिक पुलिस** विभाग द्वारा सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में होने वाली सड़क सुरक्षा को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बीईओ कार्यालय में राजकीय स्कूलों के शिक्षकों को प्रश्नपत्र वितरण किए गए। परीक्षा 12 नवम्बर को सुबह 11 से 12 बजे तक स्कूलों में करवाई जाएगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर पुलिस महानिदेशक यातायात के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी जुटे हुए है। विद्यार्थियों की सड़क सुरक्षा को लेकर परीक्षा के लिए ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा प्रश्न-पत्र जारी किए गए। बीआरसी आजाद सिंह दहिया ने बताया कि परीक्षा तीन चरणों में होगी। पहले चरण में कक्षा एक से पांच, दूसरे चरण में कक्षा छह से आठ और तीसरे चरण में कक्षा नौ से बारह के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेंगे। 12 नवम्बर को प्रथम चरण की परीक्षा का आयोजन होगा। सरकार की ओर से चलाए जा रहे सडक् सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। इसमें यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्नों के विषय में पूछा जाएगा। थाना यातायात प्रबंधक ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों से आह्वान किया कि वे परीक्षा में शामिल होकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो।

## घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः शहर थाना सोनीपत पुलिस** ने सिर में बैट मारकर गंभीर रूप से घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजीत निवासी ककरोई रोड वेस्ट रामनगर हाल शिलीगुडी पश्चिम बंगाल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वेस्ट राम नगर निवासी आरती ने गत 8 नवंबर को शिकायत देकर बताया कि उसका भाई जितेंद्र ककरोई रोड पर धर्म कांटा की दुकान चलाता है।

## विधायक कृष्णा ने सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। पूर्व मंत्री व राई से** विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपके पास जो भी व्यक्ति समस्याएं लेकर आए उन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करवाएं ताकि उनको समस्याओं से निजात मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना व सरकार द्वारा लागू की गई



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनका कर्तव्य बनता है, इसलिए अपने कर्त्तव्य को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। विधायक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों को उपलब्ध करवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए शहर व गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, सडक् सहित विभिन्न प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में सदभाव सौहार्द, समान विकास, समरसता, सहिष्णुता के साथ विकास करवाते हुए ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए है, जिनसे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है। इस मौके पर पूर्व सरपंच बिट्टू, विजय सेरसा, संदीप दीपालपुर, मोहित पलड़ी कलां, धर्मपाल कौशिक दीपालपुर, नरेश नाथूपुर सहित विभिन्न गांवों में सरपंच व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रोहित सिंह ने पाया द्वितीय स्थान

**गन्नौर। उत्तराखंड के ऋषिकेश** में हुई गंगा सस्टेनेबिलिटी रन 3.0 प्रतियोगिता के गंगा सूपर अल्ट्रा रन राउंड में गन्नौर के रेसर रोहित सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किय है। रोहित सिंह ने अंडर-30 में 50 किलोमीटर की रेस 3 घंटे 30 मिनट 51 सेकेंड में पूरी कर यह सफलता हासिल की। प्रतियोगिता के आयोजकों की तरफ से रोहित सिंह को 7500 रुपये की नकद पुरस्कार राशि दे कर सम्मानित किया है। गन्नौर गढ़ी केसरी के रहने वाले रोहित सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता विवेकानंद यूथ कनेक्ट फंडेशन, नमामी गंगे व परमार्थ निकेतन द्वारा 10 नवंबर को आयोजित की गई थी। जिसमें उन्होंने अंडर-30 में 50 किलोमीटर रेस में हिस्सा लिया था। रेस ऋषिकेश के गंगा बैराज से शुरू हुई थी जो जानकी सेतू परमार्थ निकेतन आश्रम के पास जा कर संपन्न हुई। 50 किलोमीटर रेस उसने 4 हिस्सों में 3 घंटे 30 मिनट 51 सेकेंड में पूरी की। उन्होंने ओवरआल रैंकिंग में भी द्वितीय स्थान हासिल किया है। रोहित सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में और अधिक मेहनत कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करेगा।

## यूपीएससी व एचसीएस की निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) तथा एचसीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए स्थापित डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 नवंबर से



बढ़ाकर 17 नवंबर तक कर दी गई है। डेस के कोर्डिनेटर प्रो. अंतरेश कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रद्धत यह केंद्र पिछले दो वर्षों में आईएएस, आईपीएस, एचसीएस सहित अन्य सरकारी नौकरियों के लिए इस कोचिंग के लिए केवल एससी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं।

## मुकदमे की रंजिश रख युवक पर तेज धार हथियार से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गांव आहुलाना** में मुकदमे की रंजिश रखते हुए एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में आहुलाना गांव के साहिल ने बताया कि गांव के ही संजू ने उसके खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाया था। जिसमें वह अदालत से बरी हो चुका है। इसकी रंजिश रखते हुए संजू उसे कई बार धमकियां दे चुका था। 8 नवंबर की शाम वह अपने चाचा के साथ रेहडी पर अंडे खा रहा था। इस दौरान संजू वहां आया और उसे गालियां देने लगा। जब उसने व उसके चाचा ने संजू को गालियां देने से मना किया तो संजू ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसका इलाज खानपुर मेडिकल में चल रहा है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित संजू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विपरीत दिशा में तेज रफ्तार से आ रही कार ने ऑटो को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** गांव बड़वासनी के पास विपरीत दिशा से आई कार की टक्कर से ऑटो सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई और उनके दो भाइयों समेत 11 अन्य घायल हो गए। सभी आदर्श नगर से गांव भठगांव जा रहे थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव डिमिया अररिया बिहार निवासी अमलेश (36) राजमिस्त्री थी। वह अपने भाई विक्रम व सुरेश के साथ मुरथल रोड पर आदर्श नगर में किराए पर रहते थे। उनके साथ उनके गांव के ही रितेश व उनके भाई संजय, सुभाष व उनका भतीजा रतन और गांव का राजेश, रणजीत, मिथुन, रितेश कुमार व रोशन रहते थे। वह राजमिस्त्री और मजदूरी का काम करते थे। सभी रविवार सुबह ऑटो में सवार होकर मजदूरी के लिए गांव भठगांव जा रहे थे। जब वह गांव बड़वासनी स्थित गुरु सदन के निकट पहुंचे तो सामने से विपरीत दिशा में आई कार ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो सड़क पर पलट गया। घायलों को बड़वासनी स्थित निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहीं अमलेश को गंभीर हालत के चलते कार चालक ने सोनीपत के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## स्कूटी ने बाइक को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय कॉलेज** के सामने एक बाइक को स्कूटी ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बाप-बेटी घायल हो गई। पिता की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव नांगल सिरोही निवासी सुरेंद्र ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 15 सितंबर को लगभग दो बजे अपनी बेटी मोनिका जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत है, को 2:30 बजे वाली ट्रेन में बैठाने के लिए अपने गांव नांगल सिरोही से महेंद्रगढ़ आ रहा था।

## विधायक आनंद ने विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में करनाल नगर निगम से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएम अनाउंसमेंट, 10 करोड़ की लागत से हो रहे विकासकार्यों, शहर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व फॉगिंग विषय मुख्य रहे । इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, नगर निगम कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रही। विधायक



जगमोहन आनंद ने सर्वप्रथम सीएम अनाउंसमेंट को लेकर समीक्षा की। उन्होंने एक-एक करके सभी वार्डों में सीएम अनाउंसमेंट के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य काफी समय से लंबित पड़े हैं, उन पर विशेष फोकस किया जाए। सभी कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी सीएम अनाउंसमेंट के तहत कार्य पूरा हो, वहां बोर्ड लगाया जाए और उस प्रोजेक्ट की राशि, पार्षद का नाम भी अंकित किया जाए, ताकि विकास कार्यों के बारे में जनता को भी पता चले। विधायक जगमोहन आनंद ने शहर की सीवरेज समस्या के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। इसके साथ-साथ शहर में सफाई भी सहीं तरीके से की जाए। जो भी सीवरेज जाम है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर खोला जाए। उन्होंने 10 करोड़ की लागत से हो रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहर में बंदरों की बड़ी समस्या है।

इस विषय पर तत्काल टेंडर किया जाए, यदि टेंडर हो रखा है तो संबंधित कंपनी या ठेकेदार को तत्काल बंदर पकडने के लिए निर्देश दिए जाए।

## स्वस्थ जीवन के लिए कारगर है पोषण वाटिकाः डॉ. जयलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार विभाग कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च माद्यमिक विद्यालय बैरावास में एक दिवसीय पोषण वाटिका कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा पोषण वाटिका के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि स्कूली उम्र के बच्चों में कुपोषण के लिए विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं। इस संदर्भ में पोषण के महत्व एवं स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता की कमी एक



महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने बताया कि जीवन के प्रारंभिक वर्षों में समुचित पौष्टिक आहार न मिलने से आवश्यक विटामिन और पोषक तत्वों की कमी हो जाती हैं, जिससे किशोरावस्था सहित बाद के वर्षों में बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। पोषण वाटिका के लिए ऐसे स्थान का चुनाव करना चाहिए, जहां पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सके, जानवरों से सुरक्षित हो, की मिट्टी उपजाऊ हो, स्थान खुला हो ताकि उस में सूरज की भरपूर रोशनी आसानी से पहुंच सकें, जहां तक पोषण वाटिका के आकार का संबंध है, तो वह जमीन की उपलब्धता, परिवार के सदस्यों की संक्या और समय की उपलब्धता पर निर्भर होता है। डॉ. पूनम यादव ने बताया की कार्यशाला का आयोजन जलवायु अनुकूल कृषि में राष्ट्रीय नवाचार के तहत किया गया, जिससे पोषण वाटिका कार्यक्रम द्वारा खाद्य सुरक्षा व पोषण सुरक्षा को प्राप्त किया जा सकता है। इस कार्यशाला के तहत स्कूल परिसर में पोषण वाटिका स्थापित करने से लेकर इसके रखरखाव के लिए स्कूल कर्मियों व बच्चों को जागरूक किया गया। सामान्यत पोषण वाटिका को बच्चों में पोषण और बागवानी की समझ विकसित करने के लिए एक कारगर गतिविधि के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह साग-सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों से जुड़ी जानकारियों के अलावा जंक फूड के हानिकारक प्रभावों के बारे में उनका ज्ञानवर्धन करने में भी मदद करता है। एक पांच सदस्य वाले औसतन परिवार को पूरे सालभर की इन सब्जियों की जरूरत को पूरा करने के लिए 200 से 250 वर्ग मीटर की जमीन काफी है। इसमें छोटी-छोटी क्यारियां बनाकर उसमे जरूरत के अनुसार पोषक तत्व वाली सब्जियों को उगाया जा सकता है। पोषण वाटिका में सब्जियों की खेती के लिए मौसम और जलवायु के अनुसार फसल-चक्र अपनाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान 60 स्कूली बच्चों एवं स्कूल स्टाफ को सब्जी बीज पैकेट वितरित किए गए। प्रशिक्षण की समाप्ति पर डॉ. स्नेह यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का धन्यवाद किया।

## चीनी मिल कारखाने का रिपेयरिंग कार्य अंतिम चरण में पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः चीनी मिल सोनीपत के** पेराई सत्र-2024-25 को लेकर मिल प्रबंधन की तरफ से तेजी से कार्य किया जा रहा है। कारखाने का रिपेयरिंग कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। चीफ इंजीनियर व मिल प्रबंधन की तरफ से अपने स्तर पर बॉयलर की टेस्ट प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। वहीं उच्च अधिकारियों की तरफ से हरी झंडी लेने के लिए मिल प्रबंधन की तरफ से की तरफ से चंडीगढ़ चीफ इंजीनियर की विजिट के लिए पत्राचार किया गया है। इंजीनियर की तरफ से विजिट करने व प्रमाण-पत्र लेने के बाद बॉयलर को शुरू करने का काम किया जायेगा। वहीं मिल प्रबंधन की तरफ से जिले के गन्ना उत्पादकों के साथ 32 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया गया है। बता दें कि शहर के काम सड़क मार्ग पर स्थित चीनी मिली के पेराई सत्र वर्ष-2024-25 की नंवबर माह के पहले सप्ताह में शुरू करने की बात कही थी, लेकिन पहले सप्ताह में शुरूआत नहीं हो सकी। मिल प्रबंधन की तरफ से रिपेयरिंग का काम पूरा होने में हालांकि कुछ देर हुई है, लेकिन यह अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। बॉयलर का हाइड्रोलिंग टेस्ट पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त बॉयलर पूजन की प्रक्रिया भी मिल प्रशासन ने पूरी कर ली है। अब चीफ बॉयलर इंस्पेक्टर से प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसके लिए उच्च अधिकारियों को मिल प्रबंधन की तरफ से पत्राचार किया गया है। वहीं मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के साथ बोर्डिंग प्रक्रिया को पूरा कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### सैनिकों के बिना राजा कोई युद्ध नहीं जीत सकता : बवेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि एक अकेला राजा कभी भी किसी युद्ध को जीतने में सक्षम नहीं होता। हरियाणा में अपने आप को चक्रवर्ती सम्राट समझने वाले ने अपनी साख भी खोई और कांग्रेस पार्टी को भी आघात पहुंचाया। यदि समय पर पार्टी अध्यक्ष और हरियाणा के सभी नेताओं से हम मशवरा करके संगठन बनाया होता तो ये दिन पार्टी को और स्वयंभू नेता को ना देखने पड़ते। जनता ने तन-मन-धन लगाया लेकिन उनको भी निराशा मिली। कार्यकताओं को मान सम्मान ना मिला जिस से उनको भी भारी आघात हुआ। अभी भी पार्टी प्रमुख और प्रभारी पार्टी की हार की जिम्मेवारी से भाग रहे है। महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव का समय इसलिए हाईकमान कोई भी कदम उठाने से मजबूर है लेकिन स्वंभू हार का ठीकरा अन्य नेताओं पर थोपना चाहते है। पार्टी हाईकमान मूक है इसका मतलब ये नहीं की नेताओं पर कार्रवाई नहीं होगी या जवाब नहीं मांगा जाएगा। हम जानते है कि हाईकमान जल्द ही कोई अच्छा फैसला लेगा और हरियाणा में पार्टी को नई गति मिलेगी। रणदीप सिंह सुरजेवाला राज्य सभा सदस्य और महाराष्ट्र के स्टार प्रचारक होने पर भी हरियाणा सरकार के जन विरोधी फैसलों का पुर जोर विरोध करते रहते है और कांग्रेस पार्टी के सजग पहरेदार के साथ जनता की भी वकालत करते रहते है।

### कुवि के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) द्वारा हार्ट हेल्प फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यूएसएम की अध्यक्ष प्रोफेसर निर्मला चौधरी ने कहा कि यह पहल ऐसे महत्वपूर्ण समय में की गई है जब शहर डेंगू और चिकनगुनिया के प्रकोप से जूझ रहा है, जिसके कारण स्थानीय रक्त बैंकों में रक्त की आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। प्रो. निर्मला चौधरी ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पहल समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। भविष्य में भी, यूएसएम स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक कल्याण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसी पहलों का आयोजन जारी रखने की योजना बनाएगा। प्रो. रमेश दलाल ने छात्रों को रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने

# अब देख लेंगें, देखेंगे की नीति अपनाने वाले अधिकारियों की खैर नहीं: विज

## विज ने अपने पहले जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**जन सुनवाई**

**▸▸ अधिकारियों को अपनी कार्यशैली मे परिवर्तन लाकर आमजन की बात को ध्यान से सुनना होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अब देख लेंगे, देखेंगे और देख रहे है..., की नीति अपनाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी अधिकारी जनता की समस्या को सूने और उसका मौके पर समाधान करने का हरभरसक प्रयास करें। इस सरकार के कार्यकाल में हर व्यक्ति की समस्या को सुना जाएगा और उसका निर्धारित समयवधि के अन्दर समाधान भी किया जाएगा। इसलिए अधिकारियों को अपनी कार्यशैली मे परिवर्तन लाकर आमजन की बात को ध्यान से सुनना होगा।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहें थे। कैबिनेट मंत्री ने एक प्रार्थी की डेयरी के गोबर के कारण आ रही दिक्कतों के मामले पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट किया कि अब देख लेंगे, देखेगे और देख रहे है की नीति को छोड ?ा होगा। सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनेगे और उनका समाधान करेंगें। जो व्यक्ति लोगों की बात नहीं सुनेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने जनता दरबार में बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत रजिस्ट्रर लगाने और मीटरों का लोड चैक करने, नगर परिषद् को एक प्रार्थी को नक्शा पास करने से सम्बधिंत मामले का निपटारा करने, हनुमान मन्दिर के पास से नाले की समस्या का समाधान करने, महेश नगर में धर्मशाला से कब्जा हटवाने के आदेश दिए हैं।

उर्जा मंत्री ने जनता दरबार में सफाई व्यवस्था करवाने, समाज कल्याण विभाग में बुढापा पेंशन जारी करने, गोल्डन पार्क के पास सफाई व्यवस्था करवाने व पूरे शहर के नालों की सफाई करवाने, एक बच्ची का स्कूल में दाखिला करवाने, बिजली विभाग के अधिकारियों को ढिली तारों को कसने, खम्बों को बदले के साथ-साथ अन्य विभागों से सम्बधित समस्याओं का समाधान करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए है अगने सात दिनों के अन्दर लम्बित शिकायतों का समाधान करेंगे।

इस मौके पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, डीएसपी विजय, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, आरटीए सुशील कुमार, बिजली विभाग के एसई विजय गोयल, सीएमओ राकेश सहल, डीएफएससी अपार तिवारी, तहसीलदार प्रियंका, मंडलाध्यक्ष किरण पाल चौहान, महामंत्री श्याम सुन्दर अरोड़ा, रामबाबू यादव, बीएस बिन्द्रा, महामंत्री नरेन्द्र राणा, अजय बवेजा, मोहित कौशिक, अनुज यादव, राज कुमार राजा, संजीव अत्री, रवि सहगल आदि उपस्थित थे।

# 'लिसन टू द फ्यूचर' थीम पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्मा कुमारीज 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट सेवाकेंद्र द्वारा 'बाल दिवस' के उपलक्ष में 'लिसन टू द फ्यूचर' थीम पर 5 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के दिल की आवाज सुनकर उनके वर्तमान में सुधार कर उनके भविष्य को सकारात्मक बनाना रहा। बच्चों का हाथ थाम उन्हें सही गलत का ज्ञान देकर ही हम उनका जीवन ओर समाज को स्वर्ग बना सकते है। कार्यक्रम के आरंभ में नवीनता तलवारा ने आध्यात्मिक गीतों पर सभी बच्चों को एक्शन के साथ वॉर्म अप एक्सरसाइज कराया। कुमारी जस्मिता ने वैल्यू बेस्ड गेम के द्वारा एक दूसरे को हेल्प करने का मोरल सिखाया। पैनल डिस्कशन के माध्यम से बच्चों के अनेक प्रश्नों का जवाब दिया। प्रश्न - स्वास्थ, खानपान, टेक्नोलॉजी का प्रयोग, परीक्षा, लक्षण निर्धारण, व्यायाम, नींद, मेडिटेशन से संबंधित रहे। जिसके जवाब कुछ इस तरह रहे---मोबाइल एक डेंजरस केमिकल जैसा है जिसका बड़े सावधानी से उपयोग करना है।

जल्दी सोना जल्दी उठना अच्छे स्वास्थ्य अच्छे बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा देता है। जैसा अन्न वैसा मन - मन को सकारात्मक बनाने के लिए अन्न का भी बहुत बड़ा रोल है इसलिए हमें सात्विक भोजन का ही प्रयोग करना चाहिए। प्रतिदिन मन को शांत कर 10 मिनट मेडिटेशन में बैठने से मन की एकाग्रता बढ़ती है जो सही समय पर सही निर्णय लेने में मदद करती है। हमारे एक्सपट्र्स राजयोगिनी बीके शैली दीदी, बीके राकेश मेहता ने सभी प्रश्नों के सटीक जवाब देकर बच्चों को संतुष्ट किया।

# मानवता भलाई का सबसे बड़ा कार्य रक्तदान: दीपक इंसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए ब्लाक कबाड़ी जिला पानीपत से दीपक इन्सां ने जरूरतमंद मरीज के लिए शहर के निजी ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया।जानकारी देते हुए ब्लाक कमेटी सदस्य ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादार लगातार जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त दान करते रहते है।डेरा सच्चा सौदा के सेवादार ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक शरीर में जान है तब तक दूसरों के लिए रक्तदान करते रहेंगे रक्त की कमी के बिना



किसी की जान नहीं जाने देगे। इसी प्रण पर चलते हुए दीपक इंसा ने जरूरतमंद को रखते कर उसकी जान बचाई है।

# भक्ति भाव से संपन्न हुई 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारी

**समागम**

**▸▸ इस दिव्य संत समागम में सभी संतों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान भक्ति का अनुपम संगम दृश्यमान होगा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आनंद के दिव्य स्वरूप - 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन 16 से 18 नवम्बर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में होने जा रहा है जिसकी तैयारियां अंतिम चरण पर है। निसंदेह इस दिव्य संत समागम में सभी संतों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान, प्रेम और भक्ति का अनुपम संगम दृश्यमान होगा। उल्लेखनीय है कि विश्वभर के समस्त श्रद्धालुओं को प्रति वर्ष इस भक्ति-उत्सव की उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा रहती है जिसमें विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का अद्भुत संगम अपनी बहुरंगी छठा द्वारा अनेकता में एकता का अनुपम चित्रण प्रदर्शित करते हुए विश्वबन्धुत्व की साकार भावना को दशार्ता है। दिव्यता के इस अनुपम आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर सतगुरु के दिव्य दर्शन और अमूल्य प्रवचनों का लाभ प्राप्त करेंगे। इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं सजगता के साथ श्रद्धालु भक्तों द्वारा निभाई जा रही है। समागम परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है जिसमें विशाल पण्डालों में सभी भक्तों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। भक्तों की सुविधा हेतु सम्पूर्ण समागम परिक्षेत्र में अनेक एल. ई. डी. स्क्रीन लगाई जा रही हैं जिससे मंच पर होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शक स्पष्ट रूप से देख सके। समागम व्यवस्था के अंतर्गत प्रतिवर्ष निर्मित भव्य गेट की संरचना मुम्बई की गोपी एण्ड पार्टी टीम द्वारा निभाई जाती है जो उनकी कला और निष्ठा को जीवंत रूप में प्रदर्शित करती है। इस आकर्षक स्वरूप को देखकर हजारों की संख्या में आये हुए श्रद्धालु भक्त प्रफ्फुलित महसूस करते है। समागम परिसर को चार भागों में वितरित किया गया है।

# शशिकांत चौरिटेबल पब्लिक लाइब्रेरी में किया गया हवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**स्वर्गीय** सत्यपाल कौशिक की 71वीं जयंती के अवसर पर शशिकांत चैरिटेबल पब्लिक लाइब्रेरी में एक विशेष हवन का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सत्यपाल कौशिक की यह इच्छा थी कि समालखा में एक ऐसी लाइब्रेरी स्थापित हो, जहाँ बच्चे अपनी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उनके इस सपने को साकार करते हुए, शशिकांत



कौशिक ने इस लाइब्रेरी का निर्माण किया, जो आज हजारों बच्चों की शिक्षा का केंद्र बन चुकी है। वर्तमान में इस लाइब्रेरी में लगभग 1000 छात्र निःशुल्क अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस प्रयास का परिणाम यह हुआ है कि अब तक इस

**याद किया**

**▸▸ कौशिक की इच्छा थी कि समालखा में एक ऐसी लाइब्रेरी स्थापित हो, जहाँ बच्चे परीक्षाओं की तैयारी कर सकें**

लाइब्रेरी के माध्यम से 50 से अधिक बच्चों ने सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त की है। यह लाइब्रेरी न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि स्वर्गीय सत्यपाल कौशिक के सपनों को साकार करने की एक प्रेरणा है।

इस विशेष अवसर पर शशिकांत कौशिक ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए रोटी बैंक तेरा सहारा रोटी सेवा सोसायटी, पानीपत को एक फूड वैन दान में देने की घोषणा की।

शशिकांत चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से दो फूड वैन द्वारा प्रतिदिन लगभग 1000 लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

# बाल दिवसीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में बाल दिवसीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पांचवी व छठी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहली टीम रॉयल चैलेंजर्स में सार्विक, देव, हिमांशु, आर्यन ,अभिनव, वंश, संदीप, देव, और दूसरी टीम नाइट राइडर्स टीम में मानिक ,नमन, रुद्र,अनुज, शुभम, उदित ,दक्ष ,उत्कर्ष, चिराग, अभिजीत, आदि ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। पहले टीम नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर खेल की शुरूआत की। नाइट राइडर्स ने



शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए आठ ओवर में 80 /4 रन बनाए। 2 मिनट के अंतराल में रॉयल चैलेंजर टीम शानदार संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करते हुए आठ ओवर में 74/5 रन बनाकर आउट हो गई। बेस्ट बैट्समैन रॉयल चैलेंजर टीम का खिलाड़ी हिमांशु रहा। बेस्ट बॉलर नाइट राइडर टीम से खिलाड़ी नमन रहा। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए।

## हर्ष फायरिंग अपराध है, हर्ष फायरिंग से बचें अन्यथा होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला के निदेर्शानुसार हर्ष फायरिंग को लेकर जिला पुलिस पूरे तरीके से एक्शन में है।

पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने प्रैस विज्ञपति जारी करते हुए जिले के आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि शादी विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करना कानूनी रूप से अपराध है। इसलिए कोई भी ऐसा ना करें यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में 9 और 10 नवंबर को दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ, जो डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक समृद्ध करना था। हरियाणा भर से डीएवी विद्यालयों के 240 शिक्षक इसमें सम्मिलित हुए, जिन्होंने इस अवसर पर नए शैक्षणिक दृष्टिकोण और विभिन्न विषयों की गतिविधियों को गहराई से समझा। कार्यशाला का उद्घाटन सत्र 9 नवंबर को हुआ, जिसमें डीएवी



कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं आर्य समाज के प्रतिष्ठित सदस्य आर.सी. जीवन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में जीवन ने कहा, "सच्ची शिक्षा वही है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने योग्य और नैतिक रूप से सशक्त बनाती है। डीएवी संस्था का यह कार्य देश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हुए नई पीढ़ी को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है।" उनका यह संदेश सभी उपस्थित

**एक्सीलेंस**

**▸▸ डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संरक्षण में सम्पन्न हुआ**

शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। डॉ. विकास कोहली, एआरओ डीएवी अंबाला, ने भी इस अवसर पर शिरकत की। मुरलीधर डीएवी के प्राचार्य राधा रमण सूरी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डीएवी परिवार की शिक्षा प्रणाली और इसके अनुकरणीय मूल्यों पर प्रकाश डाला।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ी ने झटका कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ी मोहम्मद कैफ अंसारी ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर (पंजाब) में आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी (पूमसे) ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक झटक कर एक नया कीर्तिमान बनाया । कॉलेज के लिए एक और खुशखबरी तब आई जब कॉलेज की पुरुष ताइक्वांडो टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय की इंटर कॉलेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप के ओवरआल रनरअप चैंपियन के खिताब पर कब्जा किया । कॉलेज की पुरुष ताइक्वांडो टीम में मोहम्मद कैफ अंसारी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत, जोड़ी और ग्रुप प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया । 58 किलोग्राम भारवर्ग में कृष, 63



किलोग्राम भारवर्ग में अमित और 74 किलोग्राम भारवर्ग में कीर्ति ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया । 57 किलोग्राम भारवर्ग में भारती ने रजत पदक हासिल किया । 80 किलोग्राम भारवर्ग में चरणजीत, 87 किलोग्राम भारवर्ग में प्रशांत, 74 किलोग्राम भारवर्ग में नेहा और 49 किलोग्राम भारवर्ग में माफी ने कांस्य पदकों पर कब्जा किया । कॉलेज पुरुष ताइक्वांडो टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर इंटर-कॉलेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप की ओवरआल रनरअप चैंपियन के खिताब से नवाजा गया । कॉलेज के लिए एक और उपलब्धि यह रही कि कैफ, कृष, अमित, भारती और कीर्ति का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है जो अपने आप में एक बड़ी

**परचम**

**▸▸ ताइक्वांडो टीम में मोहम्मद कैफ अंसारी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत, जोड़ी और ग्रुप प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया**

उपलब्धि है । पुरुष और महिला ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र की 8 से 10 नवम्बर तक आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 6 ब्रोंज मैडल समेत कुल 11 मैडल झटक कर तहलका मचा दिया । कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर मोहम्मद कैफ अंसारी, कृष, अमित, भारती, कीर्ति, चरणजीत, प्रशांत, नेहा और माफी का भव्य स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, कोच अंकुश मलिक, प्रो आनंद, प्रो रूद्र, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने किया ।

कॉलेज के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों से गद-गद नजर आये तथा सभी की भूरी-भूरी प्रशंसा की । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अपने प्रेरणापूर्ण शब्दों में विजेता खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन सभी की उपलब्धि कॉलेज और पानीपत जिले के लिए मायने रखती है क्योंकि इससे न सिर्फ इन खिलाडियों का आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि दूसरे विद्यार्थियो को भी प्रेरणा मिली है ।

# डंडो से चोट मारने मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** थाना माडल टाउन पुलिस ने शिवाजी स्टेडियम के बाहर कार सवार युवक को डंडों से चोट मारने मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी को रविवार देर शाम माडल टाउन से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान साबिर आलम निवासी बतरा कॉलोनी के रूप में हुई। थाना माडल टाउन प्रभारी सब इंस्पेक्टर गौरव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने पांच साथी आरोपी जनक गार्डन निवासी आरोपी मोहित, बसंत नगर निवासी आरोपी विकास, बतरा कॉलोनी निवासी आरोपी अजीत, दिवान नगर



निवासी आरोपी मोहित व पूरेवाल कॉलोनी आरोपी सफरूद्दीन के साथ मिलकर युवक की डंडो से पिटाई करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग डंडा बरामद कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। सब इंस्पेक्टर गौरव ने बताया मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके उक्त आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 5 डंडे व एक बाइक बरामद कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला**

थाना माडल टाउन में सविना पत्नी साबिर अली निवासी नंद विहार कॉलोनी ने गत 10 अक्तूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पति साबिर अपने दो भांजो के साथ शिवाजी स्टेडियम के गेट के सामने गाड़ी में बैठा था।

# साजिश के तहत मारपीट कर एचएसजीएमसी कर्मचारी के किए केश कत्ल : कवलजीत सिंह अजराना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा सिख** गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कर्मचारी अमोल रतन सिंह से मारपीट कर केश कत्ल करना एक षड्यंत्र है। इस साजिश के तहत दो वर्गों में विवाद पैदा कर आपसी भाईचारा बिगाड ?ा है। यह कहना है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना का। हैड ऑफिस कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि 3 नवंबर 2024 को अपनी ड्यूटी के बाद अमोल रतन सिंह



घर वापिस आ रहा था। बीच रास्ते में गांव संभालखी के निकट एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन युवकों ने उसे रोक कर न सिर्फ उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसके केश भी कत्ल कर दिए। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी युवक बाद में हरियाणा कमेटी के इस कर्मचारी को एक रस्सी से बांध कर मौके से फरार हो गए। इस बारे में पता लगने के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने संस्था के पदाधिकारियों की ड्यूटी पीड़ित कर्मचारी से मिल कर पूरे मामले की जानकारी हासिल करने के लिए लगाई थी। अजराना ने बताया कि वे स्वयं अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर पीड़ित कर्मचारी से मिले थे और उससे पूरे प्रकरण की जानकारी ली थी। प्रवकता के अनुसार संस्था द्वारा तुरंत ही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी से बातचीत की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस इस संदर्भ में कार्रवाई की जा रही है। एक सवाल के जवाब में अजराना ने कहा कि संस्था पीड़ित कर्मचारी के साथ खड़ी है और इस मामले में पूरी पैरवी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घटना को एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया। आरोपियों का मकसद दो वर्गों में विवाद खड़ा करना है। कनाडा में पनपे विवाद पर बोलते हुए कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि सिख कौम सभी धर्मों का आदर सत्कार करती है। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने हिंदू धर्म के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था और यह शिक्षा सिख कौम में आज भी है। इसलिए सिख कभी भी किसी धर्म के खिलाफ नहीं जाता।

# कुवि के विधि विभाग द्वारा नि:शुल्क कानूनी सहायता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि विभाग द्वारा कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर नि:शुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में विभाग के शिक्षकों और प्रशिक्षित छात्र स्वयंसेवकों द्वारा नि:शुल्क कानूनी परामर्श, कानूनी अधिकारों और उपायों पर मार्गदर्शन, और प्रक्रिया की समझ में सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रो. प्रीति जैन अधिष्ठात्री एवं अध्यक्ष, विधि विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क




कानूनी सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। विभाग के छात्रों ने भी इस शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. प्रोमिला, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. पूजा, डॉ. प्रीति भारद्वाज एवं अन्य शिक्षकों ने भी लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आरुषि मित्तल ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिलाओं को दिया जा रहा है 5 लाख रुपये तक ऋण

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह ने** बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मातृशक्ति उद्यमिता योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत 5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय तथा हरियाणा की स्थाई निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी। हरियाणा महिला विकास निगम की योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवआईवी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं।

### एचआईवी एड्स तथा टीबी अवेयरनैस वर्कशॉप का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सिविल सर्जन** कार्यालय में सोमवार को उप सिविल सर्जन की अध्यक्षता में एचआईवी एड्स तथा टीबी अवेयरनैस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें आईसीटीसी काउंसलर ममता तथा एसटीआई काउंसलर कांता ने एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी रैड रिबन कालेजिस करनाल के नोडल टीचर्स व पीयर एजुकेटर्स को विस्तारपूर्वक दी। कार्यक्रम में कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उप सिविल सर्जन टीबी तथा एचआईवी एड्स के नोडल अधिकारी ने बताया कि आईसीटीसी काउंसलर ममता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी दी। एचआईवी एड्स के फैलने के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में बताया। साथ ही इस बीमारी को लेकर जो भ्रांतियां समाज में फैली हुई हैं, उन्हें भी दूर किया। गर्भवती महिलाओं के लिए एचआईवी व वीडीआरएल टैस्ट क्यों अति आवश्यक है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी को भी एचआईवी हो जाता है, तो किन सावधानियों को बरतें व किस प्रकार अपना इलाज करवाएं। एचआईवी एड्स के टैस्ट पूरे हरियाणा में सभी आईसीटीसी केन्द्रों पर मुफ्त किये जाते हैं और एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्तियों की सभी प्रकार की जांच व दवाइयां मुफ्त दी जाती हैं तथा उनकी सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है। उन्होंने नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए दी जाने वाली दवाइयों के बारे में भी बताया ताकि इस संक्रमण से बचा जा सके। इसके साथ ही एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में भी जानकारी दी ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमित व्यक्ति को उसके अधिकारों से उसे वंचित किया जाता है तो उस दशा में वे कौन से ठोस कदम उठा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने टीबी के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने बच्चों को एचआईवी एड्स से ग्रसित व्यक्ति से भेदभाव न करने व उनके साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहा। एसटीआई काउंसलर कांता ने एसटीआई के फैलने का कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

### प्रत्येक प्ले स्कूल का पंजीकरण करवाना अति आवश्यक : सीमा प्रसाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। महिला एवं** बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने बताया कि सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या राज्य के प्रासंगिक कानूनों के तहत पंजीकृत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का संघ या फर्म या एन.जी.ओ या सोसायटी भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या राज्य के प्रासंगिक कानूनों के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या कंपनी अधिनियम, 1956 या राज्य के प्रासंगिक कानूनों के तहत पंजीकृत कंपनी, जो प्राइवेट प्ले स्कूल चला रहे हैं या करनाल में प्राइवेट प्ले स्कूल स्थापित करने के इच्छुक हैं, वे प्ले स्कूल की मान्यता, पंजीकरण करवाने व बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूल की सूचना देने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय, सेक्टर 14, फायर स्टेशन कार्यालय की पहली मंजिल, करनाल में संपर्क करें।

# पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट यूनिट द्वारा कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी के मार्गदर्शन में डलहौजी (हिमाचल प्रदेश) के यूथ होस्टल में पाँच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस शिविर का आयोजन 10 से 14 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 41 यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं जिसमे 20 छात्राएं एवं 21 छात्र शामिल है।यूथ रेडक्रॉस शिविर में



यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. कृष्णा अग्रवाल और डॉ. जतिन कालोन स्वयं सेवकों के साथ कैंप में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कैंप के पहले दिन की शुरूआत रेड क्रॉस के जनक सर जीन हेनरी डुनेंट को पुष्प अर्पित करके की गई। सभी यूथ रेड क्रॉस स्वयं सेवकों को कैंप से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिये गए। सभी यूथ रेड क्रॉस स्वयं सेवकों ने यूथ रेड क्रॉस की वर्दी में डलहौजी में लगाए जा रहे रेड क्रॉस मेला में भाग लिया। रेड क्रॉस मेला में भाग लेने पर डलहौजी के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट अनिल कुमार भारद्वाज ने कुवि की यूथ रेड क्रॉस टीम का स्वागत किया। इस मौके पर डलहौजी के तहसीलदार एवं एसएचओ शामिल रहे। मेले में, सभी स्वयंसेवकों ने रेड क्रॉस के काम, इतिहास और मिशन के बारे में जाना। यह एक समृद्ध अनुभव था, जिसमें छात्रों को संगठन के महत्व और उसके उद्देश्यों के बारे में गहरा ज्ञान प्राप्त हुआ। रात के भोजन के बाद पोस्टर एवं स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः 6 बजे पीटी, योगा एवं प्रातः प्रार्थना से की गई एवं पूरे दिन का कार्यक्रम बताया गया। कैंप प्रभारी एवं यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. कृष्णा अग्रवाल द्वारा यूथ रेड क्रॉस स्वयं सेवकों को रेडक्रॉस के इतिहास एवम सरंचना के बारे विस्तार से बताया गया।

# ईमानदारी से नौकरी लगने वाला, काम भी ईमानदारी से ही करेगा: योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध विधायक** योगेंद्र राणा ने आज अपने हल्के की गलियों की सडकों में पुलिस स्टेशन से लेकर जींद चौक तक, वार्ड नबर 16 की तीन गली, वार्ड 12 की एक गली, वार्ड 1 वाल्मीकि धर्मशाला के हाल का नारियल तोडकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहली बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार बनी है, जिसका श्रेय भाजपा सरकार की कार्य शैली को जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा सरकार में बिना पर्ची बिना खर्ची से जो गरीब परिवार के बच्चों को नौकरी मिली है और सरकार ने जो गरीब के घर में दिया जलाने का कार्य किया, यह हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लागू की गई पॉलिसी ही है, जो गरीब व पढ़े-लिखे बच्चों को नौकरी मिल रही है। जो बच्चा ईमानदारी से नौकरी लगेगा, वह अपना काम भी पूरी ईमानदारी और लगन से ही करेगा। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि भाजपा की वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार लोगों का चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास करने में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ-सबका विकास जैसी अनूठी सोच तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकास की बयार बह रही है।

# नगर निगम ने शहर में फॉगिंग का कार्य शुरू किया: डा. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम की सफाई शाखा ने एक प्लान के तहत शहर में फोगिंग करने का काम शुरू कर दिया है। प्लान के तहत पूरे नगर निगम क्षेत्र और इसके मार्किट एरिया को कवर किया जाएगा। इसके लिए 2 टीमें बनाई गई हैं। इनमें एक टीम वार्ड में जाकर अपना काम करेंगी, जबकि दूसरी डेंगू पॉजीटिव केस आने वाले क्षेत्र में एमरजेंसी ड्यूटी के लिए रहेगी। उन्होंने बताया कि हर साल नगर निगम शहर के सभी वार्डों में फोगिंग करवाता है, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। हालांकि फोगिंग का असर कुछ देर तक रहता है। लेकिन ऐसे एरिया जिनमें मच्छरों की अधिकता होती है, वहां फोगिंग का काम ज्यादा असरदार रहता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को वार्ड नम्बर 1 के गांव उचानी, बलड़ी, झंझाड़ी, कैलाश, मंगलपुर, बसंत विहार तथा रणधीन एन्कलेवइत्यादि क्षेत्रों में फोगिंग करवाई गई है, जबकि मंगलवार को वार्ड 2 में करवाई जाएगी। यह है प्लान- उन्होंने बताया कि फोगिंग करने वाली एक वार्ड को एक दिन में पूरा करेगी। जिन एरिया में फोगिंग को लेकर कोई शिकायत या अनुरोध आएगा या डेंगू और चिकनगुनिया के केस पाए जाएंगे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एडीआर सेंटर कुरुक्षेत्र में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव एडीआर सेंटर श्री नितिन राज जी मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर संयोजक रहे। मुख्यातिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री नितिन राज ने रक्तदाताओं को बैज



लगाकर प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने रक्तदाताओं से वातार्लाप करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में रोटी बैंक के उप प्रधान कर्म चंद और स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रक्त कोष केंद्र की प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और कर्म चंद ने मुख्यातिथि को शाल भेंट की और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। शिविर में इन्होने किया रक्तदान- बीर सिंह, परविंद्र कुमार, संदीप मलिक, अमित बंसल, नरेंद्र सिंह, हितेश वालिया, प्रदीप कुमार, करमवीर सिंह, अजय सैनी, अभिनन्दन सागर, अरुण तंवर, अनुज कुमार, सोहन लाल, सुमेर चौधरी, शीश पाल, बलिंद्र पाल सिंह ने 45 वीं बार किया रक्तदान। 172 बार रक्तदान के साथ 84 बार रक्तदान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज में नशे के विरुद्ध कड़े संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**नवंबर। पूरे देश** में भाजपा का सदस्यता अभियान, सदस्यता पर्व नाम से पूरे देश में तीव्र गति से चल रहा है। इसी अभियान के तहत भाजपा के सदस्यता अभियान के जिला। संयोजक गजेंद्र सलूजा ने अपने हुड्डा स्थित कार्यलय पर एक बैठक को संबोधित किया। अपने संबोधन में गजेंद्र सलूजा ने कहा कि जिस प्रकार कार्यकताओं ने लोक सभा तथा विधान सभा चुनाव में जोश से काम कर शानदार जीत दर्ज की उसी प्रकार सदस्यता अभियान में जुट जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान हमारे लिए होली दिवाली जैसा ही पर्व है है हम पूरी उमंग से इस पर्व को



मनाए।अधिक से अधिक सदस्य बनाए।उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक चलने वाले पर्व में हम अपनी पूरी सक्षमता से जुटे रहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा की भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है हमे इस परिवार को और बड़ा करना है। गजेंद्र सलूजा आगे ने कहा कि कार्यकर्ता मजबूत भाजपा मजबूत भारत के मंत्र को आत्मसात करके सदस्यता अभियान में जुट जाए । गजेंद्र सलूजा ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 250 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य हमे मिला है हम इस लक्ष्य को समय पूर्व पार कर ले तथा लक्ष्य से अधिक सदस्य बना नया कीर्तिमान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय कार्यकर्ता बनने हेतु कम से 50 सदस्य अवश्य बनाए गजेंद्र सलूजा ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है तब से देश की रक्षा सुरक्षा मजबूत हुई है।देश प्रगति के नए नए आयाम छू रहा है।भाजपा सरकार ने आधार भूत संरचना के विकास पर जबरदस्त काम किया है। हाइवेज का जाल,रेलवेज का आधुनिकीकरण तथा जल मार्गों का विकास करवाया है। गजेंद्र सलूजा ने कहा भाजपा की प्रदेश सरकार ने बिना खर्ची पर्ची नौकरी दे भ्रष्टाचार रहित नई व्यवस्था प्रदान की है। उन्होंने देश के विकास तथा संस्कृति और विरासत के संवर्धन के लिए सदस्यता अभियान में पूरी निष्ठा तथा लग्न वे जुटने का आहवान किया।

# 14 से इंटर जोनल युवा सांस्कृतिक महोत्सव का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**आई. बी.** महाविद्यालय में से 14 नवम्बर, 2024 तक इंटर जोनल युवा सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। करनाल, कैथल, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक विभाग के पांच जोन के अंतर्गत 51 महाविद्यालयों के सैंकड़ों प्रतिभागी 43 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। जिसमें हरियाणवी संस्कृति पर केन्द्रित नृत्य, संगीत, नाटक, रिचुअल, सांग, लूर नृत्य, कोरियोग्राफी आदि रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महाविद्यालय में छह मंचों पर लगातार तीन दिन समानांतर सभी कार्यक्रम चलेंगे। कला, संस्कृति तथा लोक रंग के संगम इस विराट महोत्सव का शुभारम्भ हरियाणा के शिक्षा मंत्री माननीय श्री महीपाल ढांडा करेंगे। उनके साथ समालखा के विधायक मनमोहन भडाना, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक प्रो विवेक चावला, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष तथा आर्य महाविद्यालय पानीपत के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल धमीजा तथा आई. बी. महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मबीर बत्रा, उपाध्यक्ष बलराम नंदवानी, महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे।

# शहर की सभी धार्मिक संस्थाओं की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन)**

शहर की सभी धार्मिक संस्थाओं एवं हनुमान सभाओं की एक बैठक सेक्टर-25 स्थित रघुनाथ धाम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जगन्नाथ धाम ट्रस्ट हरिद्वार से पहुंचे स्वामी अरुण दास महाराज ने की। इस मौके पर हनुमान सभाओं के लिए नियमावली तय करने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं स्वामी अरुण दास महाराज ने कहा कि मौजूदा समय में व्रत के समय हनुमान स्वरूपों का डीजे के सामने नाचना, तेज आवाज में डीजे बजाना इत्यादि अमर्यादित है। ऐसे में संदेह होता है कि यह सब किसी षड्यंत्र के तहत




तो नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थाओं द्वारा इन सब के लिए नियम तय करने पर मंथन किया गया है। यदि हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाना है तो नियम बनाने अति आवश्यक है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ी के लिए हम अपनी सभ्यता और संस्कृति नहीं बचा पाएंगे। वही सनौली रोड दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, युवा समाजसेवी चांद मिगलानी एवं विकास गोयल ने कहा कि बैठक आयोजित करने का केवल एक ही मकसद है कि समाज में जो कुरीतियां आ गई है उनमें कैसे सुधार लाया जाए। अभी दशहरे में काफी समय है इसलिए इस काम के लिए जितनी भी मीटिंग करनी पड़ी वह करके कुछ ऐसे नियम तय किए जाएंगे कि समाज पर गलत असर न पड़े। इसके लिए सभी धार्मिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हनुमान स्वरूपों की यह परंपरा पानीपत के साथ-साथ अन्य शहरों में भी बढ़ रही है। नई पीढ़ी सनातन परंपरा और पुराने विचारों का अनुकरण करें इसके लिए सभी ने बैठकर विचार किया है। सभी ने मिलकर इस बात पर भी मंथन किया है कि पुरानी परंपराओं और विचारों को कैसे जीवित रखा जाए। सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मिलकर यह तय किया है कि जल्द ही इसके लिए पक्की नियमावली बनाई जाए। क्योंकि यह धर्म और आस्था से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी का व्रत पवित्रता और त्याग का प्रतीक है।

वर्तमान में हनुमान जी का स्वरूप धारण करने वाले और व्रत रखने वाले बच्चों से कुछ गलतियां हो रही हैं। इन सभी गलतियों को पूरी स्वच्छता और पवित्रता से कैसे ठीक किया जाए। इन सभी बातों पर विचार विमर्श किया गया है। ताकि सभी को इस बात का पता चल सके की हनुमान जी का यह व्रत पूरी पवित्रता और प्रतिबद्धता के साथ किया जाना चाहिए।

# सेवानिवृत हुए पेंशन कर्मचारी करवाएं जीवन प्रमाण-पत्र जमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला खजाना** अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की हिदायतों के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले के खजाना/उपखजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारकों (जो ई-पेंशन प्रणाली के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारक) को अवगत करवाया जाता है कि सम्बन्धित खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण-पत्र जमा करवाएं ताकि नवम्बर 2024 माह की पेंशन समय पर वितरित की जा




सके। उन्होंने जानकारी के क्रम में आगे बताया कि एफ से जे नाम वाले पेंशनधारक 15 नवंबर तक, के से ओ नाम वाले पेंशनधारक 16 नवंबर से 20 नवंबर तक तथा पी से जेड नाम वाले पेंशन धारक 21 नवंबर से 25 नवंबर 2024 तक अपने जीवन प्रमाण पत्र सम्बन्धित खजाना व उप खजाना कार्यालय में अपना आधार कार्ड, पीपीओ कॉपी व मोबाईल साथ लेकर अपने नाम के प्रथम अक्षर अनुसार विवरणी में दर्शाई गई तिथियों अनुसार कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण-पत्र दर्ज करवायें।

# श्री नवयुवक वेलफेयर सोसाइटी ने किया माता की चौकी का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क इलाके में श्री नवयुवक वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 24वीं माता की विशाल चौकी का बड़े ही भव्य रूप में आयोजन किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

**ज्योति प्रचंड त्यागी परिवार ने किया:** माता की चौकी के दौरान समाजसेवी सुरेन्द्र त्यागी व उनके परिवार ने ज्योत प्रचंड किया।

**चौकी के दौरान निकाली गई भव्य झांकियां:** माता की चौकी के दौरान भव्य रूप में कई प्रकार की भक्तिमय झांकियां भी निकाली गई।

**कार्यक्रम की लोगों ने की सराहना:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित



करने चाहिए। माता की चौकी के साथ सोसाइटी के द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर सोने पर सुहागे जैसा कार्य कर रहा है। इस अवसर पर निगम पार्षद मुकेश गोयल, भाजपा नेता राजकुमार भाटिया, अजय शर्मा, सिकंदर पाल माखीजा, अनुभव धीर, अश्वनी चावला, राजिन्दर सहगल, पीपी खुराना, एक्शन इंडिया के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज, समाजसेवी मोहन गर्ग सहित कई गणमान्य लोगों ने माता के दरबार में हजारी लगाई। आपको बतादें की पिछले 24 साल से ये संस्था हर साल भव्य आयोजन करती आ रही है, जहाँ माता की चौकी के साथ ही समाज को समर्पित कार्यक्रम भी किये जाते है। इस बार भी माता की चौकी के दिन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी और शुगर सहित आंखों की जाँच की गई। इसमें डॉ. श्रॉफ चेरिटी हास्पीटल दरियागंज की टीम ने आये हुए मरीजों की आंखों की जांच की। इसमें लगभग 202 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के प्रधान सुभाष दीक्षित, कोषाध्यक्ष आरडब्ल्यूए नीरज कपूर, समाजसेवी अरविंद शर्मा, महासचिव सुनील खन्ना, जय किशन अग्रवाल प्रधान, नरेश टंडन उपाध्यक्ष, इन्द्रजीत हांडा, राकेश जुनेजा, संदीप कंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सुनील खन्ना, महासचिव, श्री नवयुवक वेलफेयर सोसाइटी:** सोसाइटी के द्वारा हर साल माता की चौकी का भव्य रूप में आयोजन किया जाता है। मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।



**नरेश टंडन, उपाध्यक्ष, श्री नवयुवक वेलफेयर सोसाइटी:** सोसाइटी धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सेवा के कार्य करने में भी आगे रहती है। आज भी माता की चौकी के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बहुताय की संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई।







## पूर्व निगम पार्षद रामनारायण भारद्वाज ने थामा बीजेपी का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/रामा खत्री**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा चुनाव** से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नेताओं का एक दल से दूसरे दल में जाने का सिलसिला जारी है। ताजा मामले में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बांकनेर वार्ड से आप के पूर्व पार्षद रामनारायण भारद्वाज अपने बेटे प्रदीप भारद्वाज और समर्थकों के साथ आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद योगेंद्र चंदोलिया की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए है। इस दौरान भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने रामनारायण भारद्वाज का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि उनके



आने से पार्टी को बाहरी दिल्ली में और मजबूती मिलेगी। दिल्ली में इस बार बीजेपी की सरकार बनेगी और दिल्ली का अभूतपूर्व विकास होगा। वही रामनारायण भारद्वाज ने जॉइनिंग के दौरान आप पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पहले जैसी पार्टी नहीं रही है। पहले वह भ्रष्टाचार रहित दिल्ली की बात करते थे लेकिन आज उन्हीं की पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है। मैंने मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस दौरान रामनारायण भारद्वाज के साथ सैकड़ो समर्थक मौजूद रहे।

## मुकुंदपुर के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने करवाई फॉगिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: डेंगू के मच्छर** व मच्छरों से पनपने वाली बीमारी को लेकर बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-9 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कमर कस ली है। राठौर समय-समय पर सफाई अभियान व फॉगिंग भी करवाते रहते है।

इसी कड़ी में गुलाब सिंह राठौर ने मुकुंदपुर वार्ड स्थित मुकंदपुर मेन रोड, मुकंदपुर गांव, राधा विहार, मुकुंद विहार, बाबा मोहन राम कॉलोनी, जगराम चौक सहित शुक्ला कॉलोनी डी ब्लॉक से सी ब्लॉक बी ब्लॉक होकर वीर बाजार से शिव मंदिर तक खुली नालियों मे मच्छर मारने की दवा







का छिड़काव कराया। साथ ही फॉगिंग भी करवाई गई। इस मौके पर गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र का ध्यान बिल्कुल अपने घर के जैसा ही रखता हूं, और यह मेरी ड्यूटी ही नहीं है, मेरा कर्तव्य भी है। जैसे मैं अपने घर की साफ-सफाई रखता हूं वैसे ही मेरा वार्ड भी मेरा घर है। इस दौरान राठौर ने क्षेत्र के लोगों से अनुरोध किया कि जैसे हम अपने घरों मे साफ-सफाई का ध्यान रखते है वैसे ही अपने क्षेत्र और देश का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि यह देश भी हमारा ही घर है।

# समिति ने किया तीसरी श्री जाहरवीर बाबा की कथा व भंडारे का आयोजन

## समिति द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 206 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच, 42 यूनिट एकत्रित हुआ ब्लड








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली के जहांगीरपुरी** इलाके के जी ब्लॉक स्थित सामुदायिक भवन में साहू समाज एकता समिति द्वारा श्री जाहरवीर बाबा की कथा आयोजन के बाद विशाल भंडारे, स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने बताया कि समिति के द्वारा दो दिवसीय इस कार्यक्रम में श्री जाहरवीर बाबा की कथा, भंडारा व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। श्री साहू ने बताया कि इस शिविर में लगभग 206 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में ग्रीन सर्जरी हॉस्पिटल और डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने आए हुए



मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर हरीश चंद, गिरीश कुमार साहू, राजाराम साहू, राजेंद्र साहू, प्रमोद साहू, इंद्रजीत साहू, राम सिंह साहू, नितिन साहू, मुकेश साहू, अशोक साहू, प्रेमचंद साहू, रोहित साहू, रूबी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष गिरीश साहू ने यह भी बताया कि जाहरवीर बाबा की रसोई का आयोजन समिति द्वारा महीने के पहले रविवार को किया जाता है और प्रत्येक वर्ष जाहरवीर बाबा की कथा का आयोजन भी भंडारे के साथ किया जा रहा है। मैं कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का साहू समाज सेवा समिति की ओर से धन्यवाद करता हूँ।






# मारामारीः डीएपी का ज्यादा उपयोग बिगाड़ रहा मिट्टी की सेहत

## रबी की फसल में जरूरत के हिसाब से डीएपी के कई और विकल्प भी अपना सकते हैं किसान, रवी मौसम की विभिन्न फसलों की बुवाई से पहले कृषि विभाग ने जारी की चेतावनी

**लोकेश चौधरी**

**मथुराः मथुरा जनपद** सहित समूचे प्रदेश में किसान रबी की फसल की बुवाई के लिए डीएपी पर निर्भर हैं। डीएपी के लिए मारामारी मची हुई है। इसके साथ ही तय और आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरक का भी उपयोग कर रहे हैं। इससे भूमि में पोषक तत्वों का अनुपातिक संतुलन बिगड़ रहा है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ ही खेती महंगी पड़ रही है। रबी की फसल में किसान जरूरत के हिसाब से डीएपी के कई अन्य विकल्प भी अपना सकते हैं। डीएपी यानी डाई अमोनियम फास्फेट और एनपीके एक रासायनिक और अमोनिया आधारित खाद है। डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन, 46 प्रतिशत फास्फोरस, 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 15.5 प्रतिशत अमोनियम नाइट्रेट होता है। दूसरी तरफ एनपीके में ज्यादातर किसान 12, 32, 16 का ही उपयोग करते है। रबी की फसल के लिए मची डीएपी के लिए मारामारी के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए चेतावनी जारी की है। दलहनी फसलों के लिए भी एनपीके एवं एसएसपी जैसे उर्वरक डीएपी की तुलना में सस्ता एवं संतुलित है। जानकारी के अभाव में प्रायः किसान केवल डीएपी के प्रयोग के लिए परेशान होते है जबकि डीएपी के प्रयोग से पौधों को संतुलित उर्वरक प्राप्त नहीं होता है। वर्तमान में किसान भाईयों की रबी की फसलों विशेष रूप से दलहनी, तिलहनी एवं आलू की फसल के लिए डीएपी उर्वरकों के साथ साथ एनपीके, एनपीकेएस, एसएसपी की पर्याप्त मात्रा जनपद में उपलब्ध है। आवश्यकता अनुसार फसल के आधार पर उर्वरक सहकारिता एवं निजी केंद्रों से क्रय कर सकते हैं।



**मिट्टी को चाहिए कितना खादः** जिला कृषि अधिकारी एके सिंह ने किसानों से अपील की है कि किसी भी फसल के अच्छे उत्पादन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का अनुपात 4, 2, 1 होना चाहिए। प्रदेश में वर्तमान में यह अनुपात 28, 9, 1 के रूप में आना यह दर्शाता है कि किसान खेतों के लिए बुवाई के समय केवल डीएपी का ही प्रयोग कर रहे हैं। जिससे उनकी फसल को पोटाश की मात्रा नहीं मिल पा रही है जबकि यदि वे एनपीके का प्रयोग करें तो संतुलित रूप से तीनों महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की उपलब्धता हो जाएगी।

**शांति**

**साथ ही तय और आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरक का भी उपयोग कर रहे हैं**

**डीएपी में केवल दो ही तत्वः** रबी सीजन की विभिन्न फसलों जैसे चना, मटर, मसूर, गेहूं, सरसों तथा आलू की बुवाई के समय फास्फेटिक उर्वरकों की बेसल एप्लीकेशन के रूप में आवश्यकता पडती है। वर्तमान में फास्फेटिक उर्वरकों के कई विकल्प किसानों के लिए उपलब्ध है। जैसे डीएपी, एनपीके, एसएसपी, इसमें से डीएपी में केवल दो ही तत्व मिलते है नत्रजन एवं फास्फोरस जबकि एनपीके के विभिन्न ग्रेड के कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर में संतुलित रूप में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटेशियम तीनों अत्यन्त महत्वपूर्ण प्राथमिक पोषक तत्वों की उपलब्धता हो जाती है।

**आलू में पोटेशियम की महत्वपूर्ण भूमिकाः** आलू जैसे महत्वपूर्ण कमर्शियल क्रॉप के लिए संतुलित उर्वरक विशेष रूप से पोटाश की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्पादन एवं उसके गुणवत्ता हेतु इसकी आवश्यकता होती है। इसी प्रकार फास्फोरस के दूसरे महत्वपूर्ण उर्वरक एसएसपी जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस के साथ साथ 14 प्रतिशत सल्फर की भी मात्रा पाई जाती है। यह उर्वरक सरसों जैसे तिलहनी फसल के उत्पादन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण उर्वरक है। तेल के प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए सल्फर की आवश्यकता होती है।

---

## संक्षिप्त खबरें

### मारुति सुजुकी ने लॉन्च की नई डिजायर

**गुरुग्राम।** कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज, शानदार नई डिजायर को पेश किया है। मारुति सुजुकी के पोर्टफोलियो में सबसे सफल और प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक के रूप में, डिजायर ने देशभर में 27 लाख से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा हासिल किया है। शानदार नई डिजायर को इसकी विरासत और बेजोड़ स्टाइल, आराम और विश्वसनीयता की मजबूत नींव पर फिर से तैयार किया गया है। नई डिजायर को पेश करते हुए, श्री हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, "मारुति सुजुकी डिजायर लंबे समय से कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में उत्कृष्टता की पहचान के रूप में खड़ी है, और ग्राहकों की पसंद ने इसे साल दर साल भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान कार बना दिया। प्रत्येक नई पीढ़ी के साथ, इसने बाजार में एक नई क्रांति पैदा की है और ग्राहकों की अपेक्षाओं को नए ढंगसे परिभाषित किया है। शानदार नई डिजायर स्टाइलिंग, परफॉर्मेंस, फीचर्स और सेफ्टी पर जोर देने के साथ स्थायी विरासत को मजबूत करने का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है। प्रोग्रेसिव स्लीक डिजाइन और आलीशान इंटीरियर्स के साथ नई डिजायर आज के महत्वाकांक्षी और सफल लोगों कीआकांक्षाओं के अनुरूप है। इसके अलावा, एडवांस्ड जेड सीरीज इंजन इसे भारत की सबसे अधिक ईंधन कुशल सेडान बनाती है।" इस लॉन्च पर बोलते हुए, श्री पार्थो बनर्जी, सीनियर एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, "27 लाख से ज्यादा ग्राहकों के भरोसे के साथ, मारुति सुजुकी डिजायर, 2007 में लॉन्च के बाद से, अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान रही है। नई डिजायर युवा, महत्वाकांक्षी, 'ड्राइवर' के लिए, जो अलग-अलग विकल्पों के साथ अपना एक अलग स्टेटमेंट बनाना चाहते हैं, विशेषरूप से तैयार किए गए अनुभवों की पेशकश करने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण है। नई डिजायर में कई सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स हैं, जो इसे अभूतपूर्व डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक का एक आदर्श मिश्रण बनाते हैं। नई पीढ़ी की यह डिजायर, हमारे ग्राहकों को अपनी लाइफस्टाइल को सहजता से बेहतर बनाने और आत्मविश्वासके साथ सफलता हासिल करने में सक्षम बनाएगी।" अपनी प्रतिशील डिजाइन, आलीशान ट्र-टोन इंटीरियर्स और सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स की श्रृंखला के साथ, शानदार नई डिजायर एक विशिष्ट और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। युवा औरसमझदार लोगों के लिए, तैयार की गई, जो कारों को अपने व्यक्तित्व के प्रतिबिंब केरूप में देखते हैं, नई डिजायर का उद्देश्य परफॉर्मेंस, सॉफिस्टिकेशन औरकम्फर्ट के साथ स्टाइल को सहजता से एकीकृत कर एक गेम-चेंजर बनना है। नेक्स्टजेन जेड सीरीज इंजन के साथ, नई मारुति सुजुकी डिजायर भारत की सबसे अधिकईंधन कुशल सेडान के रूप में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने का वादाकरती है।



### वृंदावन में मंदिर की छत पर मिला शव

**मथुरा।** वृंदावन के श्रीधा दामोदर मंदिर की छत पर एक श्रद्धालु का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। वृंदावन पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। मृतक की पहचान।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सेवा की भावना से कार्य करेंः जिलाधिकारी

**जौनपुर**

**जिलाधिकारी डॉ0** दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान सर्वप्रथम स्वागत के साथ उपस्थित अधिकारियों एवं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का परिचय सत्र हुआ। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को विभिन्न विषयों के संदर्भ में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा संक्षिप्त में जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को जनपद जौनपुर के ऐतिहासिक, भौगोलिक, शैक्षिक, धार्मिक स्थिति आदि के विषय में उन्हें जानकारी दी गई।

---

### मिट्टी खनन पर रोक लगाने के संबंध में डीएम को दिया ज्ञापन

**मथुरा।** प्रधान ठाकुर अमित प्रताप सिंह ने बताया कि मिट्टी खनन कर बृजरज को नष्ट किया जा रहा है। बलराम पुत्र श्रीचन्द निवासी जिखनगांव थाना गोवर्धन जो कि पूर्व में देशद्रोही व इसका कई प्रदेशों में आपराधिक इतिहास भी है। जिस पर थाना पुलिस व खनन विभाग मेहरबान है। अब पलसों गांव में खनन जोरों पर है। जिसमें दिन में ही हाईवा व बड़े बड़े ट्रौलाओं से मिटटी चार से पांच जेसीबी लगाकर किया जा रहा है। परमीशन जितनी मिटटी की ली जाती है, उससे 10 गुना अधिक मिटटी का खनन किया जा रहा है। खनन की सभी शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर 12 लाख की लूट

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। यमुना एक्सप्रेस** वे पर दिनदहाड़े बदमाशों ने लूट की बडी घटना को अंजाम दे दिया। मोटरसाइकिल सवार बदमाश कैश कलेक्शन एजेंट से बैग में रखे 12 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। या थाना क्षेत्र के गांव गोंगा निवासी गोपाल पुत्र वीरेंद्र यमुना एक्सप्रेस वे पर संचालित कैटीन से कैश लेकर बैंक में जमा करने का काम करता है। वह सोमवार को भी बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। इसी दौरान रात के समय यमुना एक्सप्रेस वे के माइल्ड स्टोन 105 के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोपाल के हाथ में डंडा मारकर 12 लाख 15 हजार रुपये और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि रेडिएंट कैश मैनेजमेंट कंपनी है जिसमें काम करने वाला गोपाल है। वह यहां मांट टोल के पास में फूड प्लाजा है। फूड प्लाजा से उसने पैसा कलेक्ट किया। कलेक्ट कर मथुरा में केनरा बैंक में जमा करने जा रहा था। रास्ते में फूड प्लाजा से करीब पांच किलोमीटर चलने के बाद उसके साथ लूट की घटना हुई। जैसा वादी बता रहा है दो लोग मोटरसाइकिल से आये उन्होंने उसे रोका, डंडा मारा और उसके पास जो बैग था उसे घबराहट में लुटेरों को दे दिया जो बैग लेकर चले गये। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना के खुलासे के लिए छह टीमें लगाई गई हैं। घटना की जो स्थितियां हैं उसमें कई बारीकियां हैं, सभी पहलुओं को पुलिस देख रही है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। एसओजी, सर्विलांस और चार थानों की पुलिस टीमों को इसमें लगाया गया है।



**जांच जारी**

**घटना की जो स्थितियां हैं उसमें कई बारीकियां हैं, सभी पहलुओं को पुलिस देख रही है**

---

## प्रथम महिला स्वतंत्रा संग्राम सेनानी ताईंबाई की प्रतिमा स्थापित करने को सौंपा ज्ञापन

**जालौन**

**जालौन नगर** के लोगों एकत्रित होकर जिले की प्रथम महिला स्वतन्त्रता सेनानी ताईबाई को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते मांग की है कि नगर के चौराह पर ताईबाई की प्रतिमा को स्थापित किया जाए। बता दें कि कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को बौद्धिक काउंसिल ग्रुप जालौन के बैनर तले नगर के संभ्रांत लोगों ने एकत्रित होते हुए जिले की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व अंतिम शासक ताईबाई की प्रतिमा को नगर के चौराह पर स्थापित करने के लिए डीएम राजेश कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही उनके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1840 में महाराजा बालाराव की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने जालौन राज्य को ईष्ट इण्डिया कम्पनी के राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। किन्तु महारानी ताईबाई और जालौन राज्य की जनता ने इस विलय को स्वीकार नहीं किया अन्त में बिटूर के पेशवा नाना धुन्धपन्त ने तात्या टोपे को भेजकर पेशवाई के अधिकार से नाना गोविन्द राय की नातिन के पाँच वर्षिय पुत्र गोविन्दराव को जालोन राज्य का राजा घोषित कर दिया और महारानी ताईबाई को उनका संरक्षक बनाकर शासन चलाने की जिम्मेदारी सौंप दी। महारानी ताईबाई ने जालौन में स्वतंत्र क्रांतिकारी सरकार की घोषणा कर दी इसके बाद महारानी ताईबाई नाना साहब के भतीजे राव साहब पेशवा को कालपी बुलकर स्वतंत्र पेशवाई राज्य की स्थापना कर दी। महारानी ताईबाई ने तात्या टोपे को पेशवाई राज्य का सेनापति बनाया। महारानी ताईबाई ने आर्थिक और सैन्य मदद दी और अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूँक दिया। इसे जालौन नगर की जनता ने सहर्ष स्वीकार कर लिया इस कारण अंग्रेज शासक जालौन राज्य से आग बबूला हो गये।

### यूपी बोर्ड परीक्षा : मीरजापुर में 107 परीक्षा केंद्रों का आनलाइन निर्धारण

**मीरजापुरः यूपी** बोर्ड परीक्षा के लिए मीरजापुर में 107 परीक्षा केंद्रों का आनलाइन निर्धारण किया गया है। परीक्षा केंद्रों को लेकर प्रधानाचार्य 14 तक विसंगति, आपत्ति अथवा शिकायत दर्ज करा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की तैयारियां चल रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए केंद्रों का आनलाइन निर्धारण किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित ने बताया कि आनलाइन चयनित 107 केंद्र निर्धारण सूची परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## 105 वालंटियर्स बनेंगे आपदा मित्र



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र** कुमार सिंह ने जनपद मथुरा के 105 वालंटियर्स को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पांडेय, जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मथुरा के 105 स्वयंसेवकों जिसमे होमगार्ड, नेहरू युवा केंद्र वालंटियर, सिविल डिफेंस वालंटियर्स, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड वालंटियर्स शामिल हैं को राज्य आपदा मोचक बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिनांक 12 नवंबर से 23 नवंबर तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न वालंटियर संगठनों से आपदा मित्र का चयन किया गया हैं। चयनित आपदा मित्रो का मनोबल बढ़ाने एवं लखनऊ बस के माध्यम से भेजने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा पहुंचे। जिलाधिकारी मथुरा महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद मथुरा के सभी 105 वालंटियर्स आपदा प्रबंधन में अपना मुख्य योगदान देंगे। यह सभी वालंटियर्स ट्रेनिंग के बाद जनपद में होने वाली किसी भी प्रकार की आपदा जैसे अग्निकांड, बाढ़, भूकंप, डूबना, औद्योगिक दुर्घटना, सड़क दुर्घटना जैसी अन्य सभी प्रकार की आपदाओं से बचाव के संबंध में पूर्ण जानकारी देकर तथा आपदाओं के दौरान आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को राहत एवं बचाव के द्वारा सहायता देकर अपना योगदान देते रहेंगे तथा भविष्य में होने वाली आपदाओं को कम कर सकेंगे।

## केएम हॉस्पिटल ने लगाया दो गांवों में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः केएम विश्वविद्यालय** के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार केएम सुपर मेशिवलिटी हास्पिटल द्वारा गांव सहायपुर, मगूरा गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ उठाया। शिविर में अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया। कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाया जा रहा है, मौसम के परिवर्तन होने से लोग बीमार पड़ रहे है। इस मेले में मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयां दी जा रही है, गंभीर मरीज को दवाईयों के खर्चे एवं आयुष्मान कार्ड धारकों सब कुछ फ्री भर्ती होने की सलाह केएम के वरिष्ठ चिकित्सक दे रहे है। जिससे मेरे ब्रजवासी स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से सरीया की गढ़ी, जटवारी, अंडीग और नीमगांव, सुखदेव खड़ावई में आगामी शिविर लगाए जाएंगे। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि गांव स्तर पर लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। शिविर के माध्यम से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा दी जा रही है। केएम हॉस्पिटल ने ऊंचा गांव के समीप शाहपुर गांव में राशन डीलर ठाकुर मनोज सिंह, ठाकुर अनूप सिंह सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच-परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें केएम हॉस्पिटल के चिकित्सक डा पललवी, डा. आयुष, डा. आशीष ने हृदय रोग, प्रसुति एवं स्त्री रोग और शिशु रोग के मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया।

वहीं दूसरी ओर केएम हॉस्पिटल द्वारा अछनेरा क्षेत्र के गांव मगूरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

**शिविर**

**दूसरी ओर केएम हॉस्पिटल द्वारा अछनेरा क्षेत्र के गांव मगूरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया**

---

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर संतों में उबाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खड़गे के भगवा वस्त्र पर दिये गये बयान पर विश्व हिन्दू परिषद व साधु संतों में उबाल है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कांग्रेस पार्टी को आल इण्डिया चर्च कमेटी बताते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान बेहद घटिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व भगवावस्त्रधारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में दिया गया बयान बेहद घटिया है। यह लाखों वर्ष की हमारी परम्परा है। जहां तक राजनीति का प्रश्न है, धर्म को इससे अलग नहीं किया जा सकता। स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि राजसत्ता धर्मसत्ता के द्वारा ही संचालित होती रही है। जब मल्लिकार्जुन घुटने के बल चलना सीख रहे थे। उस समय गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजय नाथ सांसद हुआ करते थे। आज तीसरी पीढ़ी राजनीति में है। राजनीति मत सिखाइए। कांग्रेस का सनातन विरोध जगजाहिर है। कांग्रेस का नाम आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी नहीं आल इण्डिया चर्च कमेटी है। इसलिए आल इण्डिया चर्च कमेटी हिन्दुत्व पर प्रहार करना बंद करे अन्यथा कड़ा प्रतिवाद किया जायेगा।

**हमला बोला**

**सरस्वती ने कांग्रेस को आल इण्डिया चर्च कमेटी बताते हुए कहा कि खड़गे का बयान बेहद घटिया है**



**कांग्रेस ने संत समाज पर हमला कियाः** जगद्गुरु जियर स्वामी करपात्री जी महाराज ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के नाम में खड़गे लगा है। खड़ग का अर्थ होता है तलवार। काटने का काम तलवार करती है। संतों में योगी हैं। योगी शब्द योग से बना है। योग जोड़ने का काम करता है। काटने का काम खड़ग करती है। कांग्रेस ने संत समाज पर हमला किया है। जब तक संत को राष्ट्र की चिंता नहीं होगी तब तक कुछ होने वाला नहीं है। रामचरितमानस में लिखा है गाधितनय मन चिंता व्यापी।

## राम रतन नौगांव में लक्जरी फार्महाउस जीवनशैलीःस्वस्थ जीवन, स्मार्ट निवेश और बेहतरीन कनेक्टिविटी का संगमः विजय चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एनसीआर- जब शहरी क्षेत्र प्रदूषण और भीड़-भाड़ से अतिरिक्त हो रहे हैं, ऐसे में शांतिपूर्ण और स्वस्थ जीवन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस हो रही है। विजय चौधरी, चेयरमैन, राम रतन ग्रुप ने बताया रतन समूह, जो 40 वर्षों से फार्महाउस और कृषि भूमि के विकास में अग्रणी है, ने नौगांव के हरे-भरे इलाके में अपने विशेष लक्जरी फार्महाउस के जरिए शहरों के खतरनाक वायु गुणवत्ता और शोर से दूर रहने का विकल्प पेश किया है। यहाँ, आधुनिक सुविधाएँ और प्राकृतिक सौंदर्य मिलकर एक आदर्श जीवनशैली का निर्माण करते हैं।

**शहरों के प्रदूषण से दूर एक ओएसिस**

नौगांव, जो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित है, अब शहरी प्रदूषण के बढ़ते संकट का एक प्रभावी समाधान बनकर उभर रहा है। दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा और आसपास के शहरों में बढ़ते अवसाद के बीच स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण का आनंद लेने में मुश्किलें पैदा कर दी हैं। राम रतन समूह के फार्महाउस, जो विशाल हरे-भरे इलाकों में स्थित हैं, शहरी हलचल से दूर ताजे हवा के एक स्वच्छ ओएसिस के रूप में प्रस्तुत होते हैं।

नौगांव का रणनीतिक स्थान निवासियों को दोनों दुनिया का सबसे बेहतरीन अनुभव देता हैः एक रिट्रीट, जबकि प्रमुख महानगरों से महज कुछ किलोमीटर दूर। यह प्रॉपर्टी गुड़गांव से 60 मिनट और जयपुर से 90 मिनट की दूरी पर स्थित है, और दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, अन्य प्रमुख शहरों से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के माध्यम से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह निकटता निवासियों को शहरी केंद्रों तक सरल पहुँच प्रदान करती है।

# एक दिन, एक शिफ्ट की जिद पर अड़े अभ्यर्थी

## सोमवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रतियोगी छात्र बैरिकेटिंग तोड़कर यूपी लोक सेवा आयोग तक पहुंच गए

**हंगामा**

▸▸ पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के फैसले का अभ्यर्थी विरोध कर रहे




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के फैसले का अभ्यर्थी विरोध कर रहे हैं। सोमवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रतियोगी छात्र बैरिकेटिंग तोड़कर यूपी लोक सेवा आयोग तक पहुंच गए। ऐसे में पुलिस को भी बल प्रयोग करके उन्हें खदेड़ना पड़ा। प्रदर्शन अभी भी जारी है और छात्र मानने को तैयार नही हैं।

**क्या है अभ्यर्थियों की मांग?**

यूपी लोक सेवा आयोग ने हाल ही में पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा की। यहीं से यह पूरा बवाल खड़ा हुआ। दरअसल, अभ्यर्थी नहीं चाहते हैं कि परीक्षा दो दिन और एक से अधिक पालियों में आयोजित हो। इसके साथ ही वह चाहते हैं कि परीक्षा में मूल्यांकन के लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूले का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

**पहले भी हो चुका है विरोध प्रदर्शन**

अपनी इसी मांग को लेकर पहले भी हजारों अभ्यर्थियों ने 21 अक्तूबर को पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा को लेकर आयोग का घेराव करके सड़क पर धरना दिया था। उस दौरान भी छात्रों ने नो नॉर्मलाइजेशन और एक दिन, एक शिफ्ट की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया था।

**हैशटैग आंदोलन भी चलाया गया**

आयोग के निर्णय से नाखुश अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया पर हैशटैग अभियान चलाकर भी इसका विरोध किया। एक्स पर हैशटैग यूपीपीएससी आरओ/एआरओ वनशिफ्ट नाम से चलाए गए अभियान को 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया। छात्रों का कहना है कि दो पालियों में परीक्षा कराए जाने से उन्हें नॉर्मलाइजेशन का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### क्या है परीक्षा का कार्यक्रम?

**आयोग** की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, दोनों भर्ती परीक्षाओं का आयोजन दिसंबर 2024 में किया जाएगा। दोनों परीक्षाएं एक से अधिक पालियों में आयोजित होंगी। ऐसे में, आयोग ने घोषणा की है कि इन भर्ती परीक्षाओं में मूल्यांकन के लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाएगा। यूपीपीएससी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को प्रदेश के 41 जिलों में आयोजित होगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित कराई जाएगी, जिसमें पहले सत्र की परीक्षा सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक और दूसरे सत्र की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगी। आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 और 23 दिसंबर को किया जाएगा। दोनों दिनों को मिलाकर परीक्षा का आयोजन कुल तीन पालियों में किया जाएगा। तीसरी पाली की परीक्षा का आयोजन 23 दिसंबर को किया जाएगा। 22 दिसंबर को प्रथम पाली सुबह 09:00 से 12:00 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 02:30 से 05:30 बजे तक तथा 23 दिसंबर को तृतीय पाली की परीक्षा 09:00 से 12:00 बजे तक होगी। परीक्षा तिथियां जारी करने के साथ ही आयोग ने एक से अधिक शिफ्टों में होने वाली प्रारंभिक परीक्षा के लिए मूल्यांकन फॉमूर्ला भी जारी किया। छात्र परीक्षा को दो दिन कराए जाने और इसमें नॉर्मलाइजेशन लागू करने के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। छात्रों की मांग है कि दोनों परीक्षाओं को एक दिन, एक शिफ्ट में आयोजित किया जाए और मूल्यांकन के लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला लागू न किया जाए।

# बिना चिंता कराइए उपचार, हॉस्पिटल का पैसा देगी सरकार : सीएम योगी

**आर्थिक सहायता**

▸▸ गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों को मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा




**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आत्मीय भरोसा दिया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इस दौरान अफसरोंको निर्देशित किया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम विधानसभा उपचुनाव प्रचार करने के बाद गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार पूर्वाह्न झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि

# महाकुंभः चालीस हजार से ज्यादा रिचार्जबल लाइट्स से रोशन होगा मेला क्षेत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** इस बार महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता में रोशनी का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। शाम के समय मेला क्षेत्र की चमचमाती रोशनी गंगा और यमुना की कलकल बहती निर्मल धारा को और भी अलौकिक रूप प्रदान करेगी। इस अलौकिक दृश्य को श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपनी आंखों से निहार सकें, इसके लिए योगी सरकार इस बार अनूठी पहल करने जा रही है। पहली बार पूरे मेला क्षेत्र को 24 गुणे 7 रोशन बनाए रखने के लिए



पूरे मेला क्षेत्र में 40 हजार से अधिक रिचार्जेबल लाइट्स (रिचार्जेबल बल्ब) का उपयोग किया जा रहा है।

ये बल्ब खुद को रिचार्ज करते हैं और बिजली जाने पर भी रोशनी देते रहते हैं। इससे यदि किसी फॉल्ट या अन्य वजह से अचानक बिजली चली जाती है तो भी ये बल्ब कभी अंधेरा नहीं होने देते। महाकुम्भ ही नहीं, उत्तर प्रदेश में पहली बार इस तरह की लाइट्स का उपयोग किसी बड़े आयोजन में होने जा रहा है। मेला क्षेत्र में विद्युत विभाग के प्रभारी अधिशासी अभियंता अनूप कुमार सिन्हा ने बताया कि जो विद्युत संयोजन हम लोग शिविरों में देंगे उसमें हमने इस बार नॉर्मल एलईडी बल्ब के साथ ही रिचार्जेबल बल्ब भी उपयोग में लाने का निर्णय लिया है।



सनातन संस्कृति के मर्मज्ञ मोरारी बापू का परमार्थ निकेतन में किया गया अभिनंदन।

# मुख्यमंत्री का समोसा प्रकरण से नहीं कोई लेना देनाः संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में समोसों की सीआईडी जांच पर सियासी घमासान जारी है। भाजपा इसे लेकर लगातार सरकार पर निशाना साध रही है। वहीं सूक्खु सरकार में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का इस प्रकरण से कोई लेना देना नहीं है और भाजपा हिमाचल को बदनाम करने का काम कर रही है। संजय अवस्थी ने सोमवार को राज्य सचिवालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन से शुरू कर हिमाचल को स्वावलंब बनाने की ओर मुख्यमंत्री प्रयासरत हैं लेकिन विपक्ष दो वर्षों के कार्यकाल में जो भूमिका निभानी है, उससे हिमाचल की लोकतांत्रिक परंपरा को आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्षों में भाजपा एक भी मुद्दा ढूंढ नहीं पाई। यह पहली सरकार है जिस सरकार के एक भी नेता पर दो सालों में कोई भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं।

